इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 45 | अंक - 312 | राजनांदगांव, रविवार 04 अक्टूबर 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

चुनाव आयोग का स्पष्टीकरणः इलेक्शन कमिशन में कोई विवाद नहीं, हम साथ-साथ है, ईसी ने बताया देश में कहां-कहां वोट कटे

एसआईआर पर विवाद बढ़ा तो चुनाव आयोग ने बदल दी अपनी रणनीति

नई दिल्ली। अपने काम काज के तरीके को लेकर भारी आलोचना झेल रहे भारतीय चुनाव आयोग ने कहा है कि जिन लोगों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोटर लिस्ट से कट गए, उन्हें दोबारा वोटर लिस्ट में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे. ऐसे युवा जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया के दौरान वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो सके, वे भी इन विशेष अभियानों के जरिए वोट देने का हक हासिल कर सकेंगे.

चुनाव आयोग ने शुक्रवार, 2 अक्टूबर को इससे जुड़ी प्रेस रिलीज जारी की. इसमें कहा गया है कि बूथ लेवल ऑफिसर यानी बीएलओ, मौजूदा मतदाता सूची की एसआईआर से पहले की मतदाता सूची से तुलना करेंगे और ऐसे मतदाताओं की पहचान करेंगे, जिनके नाम एसआईआर से पहले की सूची में थे लेकिन मौजूदा सूची में नहीं है. ऐसे मतदाताओं की एक सूची तैयार की जाएगी.

बीएलओ इन लोगों के घर-घर जाकर इनकी मौजूदा स्थिति का पता लगाएंगे और पात्र व्यक्ति मिलने की स्थिति में उसका फॉर्म-6 भरवाएंगे. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरना जरूरी होता है. चुनाव आयोग के मुताबिक, रैनबसेरों और लेबर कॉलोनियों में रह रहे लोगों के साथ-साथ बेघरों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए भी स्पेशल कैंप लगाए जा सकते हैं.

चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 में भी किया बदलाव

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, चुनाव आयोग ने वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए भरे जाने वाले फॉर्म-6 से एसआईआर से जुड़ा घोषणापत्र भी हटा दिया है. यह उन राज्यों के लिए किया गया है, जहां एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. चुनाव आयोग ने 26 सितंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की थी. हालांकि, जिन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया जारी है, वहां अभी भी यह घोषणापत्र भरना जरूरी होगा.

इस घोषणापत्र में आवेदक से पूछा जाता था कि क्या उनका या उनके माता-पिता या दादा-दादी का नाम पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित हुई मतदाता सूची में था. जवाब में हां कहने की स्थिति में आवेदक को अपना बूथ और सीरियल नंबर बताना होता था. आलोचकों का कहना है कि इससे मतदान करने की पात्रता साबित करने की पूरी जिम्मेदारी आवेदक पर ही आ जाती है. फॉर्म-6 में इस बदलाव को लेकर चुनाव आयोग के भीतर भी मतभेद उभरे थे. इंडियन एक्सप्रेस की एक खोजी रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने फॉर्म-6 में इस घोषणापत्र को जोड़े जाने पर आपत्ति दर्ज करवाई थी. उनका तर्क था कि केंद्रीय कानून मंत्रालय ही फॉर्म-6 में बदलाव कर सकता है. हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों अधिकारियों की कई आपत्तियों के बावजूद फॉर्म-6 में एसआईआर से जुड़ा घोषणापत्र जोड़ा गया.

13 करोड़ नाम काटे जाने का आरोप

चुनाव आयोग ने जून, 2025 में बिहार में एसआईआर करवाने की घोषणा की थी. चुनाव आयोग ने इसे वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण करार दिया. वहीं, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इसे वोट चोरी बताया. एसआईआर का यह विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर भी पहुंचा, जहां करीब आठ महीने चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने एसआईआर को संवैधानिक रूप से वैध करार दिया. इस बीच चुनाव आयोग ने देश के अन्य राज्यों में भी एसआईआर करवाने का एलान किया. बिहार के बाद दूसरे चरण में पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया हुई. तीसरे चरण में महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर करवाने की घोषणा हुई. इसके बाद हिमाचल प्रदेश, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

एसआईआर के जरिए देश को बर्बाद नहीं होने देगा इंडिया गठबंधन - मल्लिकार्जुन खरगे

नई दिल्लीः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि एसआईआर के जरिए देश को बर्बाद करने और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिशों को इंडिया गठबंधन सफल नहीं होने देगा तथा इसके खिलाफ देशभर में मिलकर लड़ाई लड़ी जाएगी। खरगे ने शनिवार को यहां जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि एसआईआर के कारण पूरी चुनावी प्रक्रिया बर्बाद हो गई है।

भाजपा सरकार में लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया गया है। यहां'चुनाव अवैध हो रहे हैं और इन चुनावों जो भी परिणाम आ रह हैं वह सब अवैध हो रहा है उन्होंने कहा देश में' अवैध चुनाव हो रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'अवैध प्रधानमंत्री और अमित शाह 'अवैध गृह मंत्री हैं। सरकारों को भंग किया जाना चाहिए और चुनाव बैलेट पेपर से कराये जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चल रही इस अवैध प्रक्रिया को देखते हुए ही इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई गयी थी जिसमें 20 पार्टियों के नेताओं के साथ लीगल सेल के कपिल सिब्बल को भी बुलाया गया। बैठक में सभी ने माना कि एसआईआर गलत तरीके से हो रहा है और इससे गरीब, पिछड़े तथा खासकर अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। खरगे ने वोट काटे जाने को गलत बताया और कहा


खरगे ने कहा - देश में अवैध चुनाव हो रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'अवैध प्रधानमंत्री और अमित शाह 'अवैध गृह मंत्री हैं

कि एक-एक बूथ से यदि 500-500 लोगों के नाम भी हटा दिये जाते हैं तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। अब इन नामों को दोबारा जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस के लोग अपने-अपने लोगों के नाम रख रहे हैं जबकि गरीबों को नाम जुड़वाने में समय और पैसा खर्च करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर कब्जा करने के लिए प्रधानमंत्री देश के लोकतंत्र को बर्बाद करने वाला कानून लेकर आये हैं। इस कानून को लाने से पहले उस समिति की संरचना बदल दी गयी थी जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चुनाव आयोग के गठन की प्रक्रिया में शामिल होते थे। मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक मंत्री को समिति में रखा गया और मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन की नई प्रक्रिया बनायी गयी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त ने गलती की है और उसकी गलती पकड़ी भी जाती है तो उसे दोषी नहीं माना जा सकता है। कानून में व्यवस्था है कि जब तक वह जीवित हैं, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि इससे मनमानी हो रही है और दो अन्य चुनाव आयुक्तों के पत्र लिखने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गयी। एक अखबार में यह मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने भी इसे उठाया और अब पूरे देश में आंदोलन हो रहा है। खरगे ने कहा कि देश में ईवीएम का गलत इस्तेमाल हो रहा है और इसलिए चुनाव बैलेट पेपर से होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इंडिया गठबंधन का पहला आंदोलन शुक्रवार को दिल्ली में हुआ और अब सभी दल मिलकर छह अक्टूबर को एक बड़ा आंदोलन करेंगे।

तिरुपति में बड़ा हादसा, दवा फैक्ट्री में बॉयलर फटने से पांच कर्मचारियों की मौत

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले से एक बेहद दर्दनाक औद्योगिक हादसे की खबर सामने आई है। शनिवार तड़के श्री सिटी स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) में स्थित टिल हेल्थकेयर नामक फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में अचानक बॉयलर फट गया। इस भीषण विस्फोट के बाद फैक्ट्री परिसर में आग फैल गई, जिससे नाइट शिफ्ट में काम कर रहे पांच कर्मचारियों की जान चली गई। वहीं, 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिरुपति जिले के सत्यवेडु मंडल स्थित श्री सिटी एसईजेड में संचालित टिल हेल्थकेयर की यूनिट टैबलेट बनाने का काम करती है। शनिवार तड़के जब नाइट शिफ्ट का काम चल रहा था, तभी अचानक यूनिट के अंदर लगा बॉयलर जोरदार धमाके के साथ फट गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि इसके बाद पूरी इकाई में भीषण आग फैल गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस हादसे में पांच कर्मचारियों की मौके पर ही मौत की जानकारी सामने आई है, जबकि 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तुरंत बाहर निकालकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कैप्टन स्मित से मिलने अस्पताल पहुंचे दुबई के क्राउन प्रिंस, गले लगाकर जताया आभार

दुबई। दुबई के क्राउन प्रिंस, शेक हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भारतीय पायलट और फ्लाई दुबई के हीरो स्मित मच्छर से मुलाकात की। मच्छर का दुबई के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन पर उड़ान के दौरान उनके को-पायलट ने हमला किया था. गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कॉकरिट का दरवाजा खोलने और इस तरह 172 यात्रियों और क्रू सदस्यों की जान बचाने के लिए दुनिया भर में इस पायलट की तारीफ हो रही है।

प्रिंस ने पायलट की तारीफ की

भारतीय पायलट स्मित मच्छर से मुलाकात के बाद दुबई के प्रिंस ने एक्स पर लिखा, हमारी और देश के नेतृत्व की ओर से, उन्हें हमारी पूरी सराहना और तारीफ मिलती है। हमें गर्व है कि वह हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और उस चीज का हिस्सा हैं जिसके लिए यूएई खड़ा है। दया का देश, शांति का देश और जीवन का देश। ओमान के रहने वाले अपने को-पायलट ने प्लेन के कॉपपिट में कैप्टन स्मित मच्छर पर कुल्हाड़ी से हमला किया। हाथापाई को दौरान प्लेन नीचे गिरने लगा। यह समझते हुए कि अगर उन्हें और यात्रियों को बचना है तो उन्हें तेजी से कुछ करना होगा, कैप्टन मच्छर ने कॉकपिट का दरवाजा खोला और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद क्रू और यात्रियों को हमले के बारे में आगाह किया। दूसरे यात्रियों ने हमलावर को काबू में किया और ड्यूटी पर न होने वाले पायलटों ने प्लेन को सुरक्षित लैंड कराया। फ्लाईदुबई के 174 यात्रियों की जान बचाने वाले इस हीरो पायलट का इलाज अबू धाबी के एक अस्पताल में चल रहा है और वे ठीक हो रहे हैं।

शिवाजी पार्क में सीजेपी के 2 अक्टूबर प्रदर्शन पर आयोजकों समेत 500 लोगों के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली। महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह से सख्त रुख अपना रहा है। हाल ही में शहर के भीतर एक बड़े प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक नियमों और प्रतिबंधों की अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है।

इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल मुख्य आयोजकों को अपने शिकंजे में लिया है, बल्कि सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिससे राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

शिवाजी पार्क में हुआ था विरोध प्रदर्शन

यह पूरा मामला मुंबई के ऐतिहासिक और चर्चित शिवाजी पार्क का है, जहां गत 2 अक्टूबर को सीजेपी द्वारा एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। पुलिस का कहना है कि इस आयोजन के लिए तय किए गए नियमों और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते स्थिति को नियंत्रित करने और कानून का राज स्थापित करने के लिए पुलिस को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ औपचारिक मुकदमा

प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की उच्च-स्तरीय बैठक के बाद इस मामले में औपचारिक कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया। मुंबई पुलिस के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में इस घटना से संबंधित आधिकारिक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस पूरे मामले को क्राइम नंबर 515/26 के तहत दर्ज किया गया है, जिसके आधार पर अब आगे की तफ्तीश और कानूनी प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा, देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी ने बढ़ाये दाम

नई दिल्ली। महंगाई का सामना कर रहे आम नागरिकों को एक और बड़ा झटका लगा है। देश में पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री बाजार में सक्रिय प्रमुख निजी कंपनी नायरा एनर्जी ने अपने फ्यूल के दामों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत का हवाला देते हुए कंपनी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर महंगा कर दिया है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी हैं।

निजी क्षेत्र की प्रमुख ईंधन रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने देश के विभिन्न हिस्सों में अपने पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के नए रेट लागू कर दिए हैं। इसके तहत ग्राहकों को अब पेट्रोल के लिए प्रति लीटर 5 रुपये अधिक चुकाने होंगे, वहीं डीजल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इस अचानक हुए बदलाव से वाहन चालकों और आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ेगा।

कच्चे तेल की बढ़ती लागत और वैश्विक कारण

कंपनी सूत्रों और बाजार के जानकारों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और लागत बढ़ने के कारण यह कदम उठाया गया है। इससे पहले जुलाई के महीने में जब वैश्विक स्तर पर कीमतें कम हुई थीं, तब नायरा एनर्जी ने अपने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए दाम घटाए थे, लेकिन अब परिस्थितियां बदलने के बाद दामों में यह संशोधन किया गया है। निजी कंपनी द्वारा ईंधन के दाम बढ़ाए जाने से ट्रांसपोर्ट सेक्टर और लॉजिस्टिक्स पर भी असर पड़ना तय माना जा रहा है। डीजल के दाम 3 रुपये बढ़ने से माल ढुलाई और कमर्शियल वाहनों का खर्च बढ़ सकता है, जिससे अन्य जरूरी वस्तुओं के महंगे होने की भी आशंका जताई जा रही है। हालांकि, सरकारी तेल विपणन कंपनियों की तरफ से फिलहाल खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एशियन गेम्स : भारत ने लगातार दूसरी बार जीता गोल्ड, फाइनल में पाकिस्तान को 19 रन से हराया

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2026 के पुरुष क्रिकेट फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 19 रन से हराकर लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 192 रन ही बना सकी। भारत की जीत में अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों ने भी अहम भूमिका निभाई।

अभिषेक और तिलक ने संभाली भारतीय पारी

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 51 रन तक टीम ने वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिए। वैभव ने 9 गेंदों पर 15 और सैमसन ने 4 गेंदों पर 2 रन बनाए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अभिषेक शर्मा ने महज 28 गेंदों में 61 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 7 छक्के और 3 चौके लगाए। वह 93 के स्कोर पर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 24 गेंदों पर 21 और ईशान किशन ने 18 गेंदों पर 20 रन बनाए।

तिलक वर्मा ने आखिरी ओवरों में बरसाए रन

उपकप्तान तिलक वर्मा ने भारतीय पारी के अंतिम हिस्से में आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 22 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाए। उनकी पारी में 4 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। तिलक ने शिवम दुबे के साथ छठे विकेट के लिए 30 गेंदों में 62 रन की साझेदारी की। शिवम ने 15 गेंदों पर 27 रन बनाए। शिवम दुबे के आउट होने के बाद तिलक ने पारी को तेजी से आगे बढ़ाया। उनके साथ अक्षर पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 211 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अहमद दानियाल और अराफात मिन्हास ने 2-2 विकेट लिए, जबकि सईम अयूब और अबरार अहमद को एक-एक सफलता मिली। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। साहिबजादा फरहान 11 गेंदों पर 10 रन बनाकर शेष पृष्ठ 6 पर...)

वैश्विक निवेश मानचित्र पर छत्तीसगढ़ की मजबूत पहचान, सीईओ राउंडटेबल में सिंगापुर के प्रमुख निवेशकों से होगी चर्चा

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य में निवेश की नई संभावनाओं को विस्तार देने के उद्देश्य से आज सिंगापुर पहुंचे। सिंगापुर पहुंचने पर भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने मुख्यमंत्री साय का आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री साय सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रथम सिंग फोरम 2026 में छत्तीसगढ़ की ओर से सहभागिता करेंगे। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच के माध्यम से वैश्विक निवेशकों के समक्ष छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, विकास की अपार संभावनाओं और प्रदेश में उपलब्ध आकर्षक निवेश अवसरों को प्रस्तुत किया जाएगा।

सिंग फोरम 2026 के दौरान आयोजित सीईओ राउंडटेबल में मुख्यमंत्री साय सिंगापुर के प्रमुख निवेशकों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा करेंगे। इस दौरान प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों को प्रमुखता से रखा जाएगा। मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राहुल गांधी ने 'सत्याग्रह' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया, देश में अलग-अलग प्रोटेस्ट को एक साथ लाने की मुहिम

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने देशभर में चल रहे अलग-अलग मुद्दों से जुड़े आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों को एक साझा मंच पर लाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सत्याग्रह' लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने अधिकारों और न्याय के लिए संघर्ष कर रहे लोग अपने आंदोलन की जानकारी साझा कर सकेंगे। इसके साथ ही, वे देश के दूसरे हिस्सों में अपने जैसे मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को भी देख सकेंगे और ज़रूरत पड़ने पर समर्थन मांग सकेंगे।

राहुल ने इसे छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं के संघर्षों को साझा मंच पर जोड़ने की कोशिश बताया है। उन्होंने कहा है कि एकजुट होकर सच के साथ खड़े होने से बड़ी ताक़त बनती है। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में बहुत से लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं,

लेकिन अक्सर उन्हें अकेले संघर्ष करना पड़ता है। छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, महिलाओं और जेन-ज़ी यानी युवा पीढ़ी के संघर्षों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर संघर्ष की अपनी कहानी है, लेकिन अकेले उठने वाली आवाज़ कई बार दब जाती है।

क्या है 'सत्याग्रह' प्लेटफॉर्म?

'सत्याग्रह' एक डिजिटल वेबसाइट है, जिसका मक़सद देशभर में हो रहे अलग-अलग विरोध प्रदर्शनों और जन आंदोलनों की जानकारी को एक जगह इकट्ठा करना है। इस पर कोई भी व्यक्ति अपने आंदोलन, संगठन और संघर्ष से जुड़ी जानकारी दर्ज कर सकता है। प्लेटफॉर्म पर आंदोलन से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए लोगों को अपना नाम, समूह या संगठन का नाम और विरोध प्रदर्शन का मुद्दा बताना होगा। राहुल गांधी ने कहा कि यह प्रक्रिया लगभग दो मिनट में पूरी की जा सकती है। इस वेबसाइट में एक इंटरैक्टिव मैप यानी ऐसा नक्शा भी है, जिसके ज़रिए लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे आंदोलनों को देख सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिये किसी एक मुद्दे पर संघर्ष कर रहे लोगों को दूसरे राज्यों या क्षेत्रों में चल रही समान मुहिमों की जानकारी मिल सकेगी। इस पहल के तहत आंदोलनकारी अपनी समस्याओं और मांगों को साझा करने के साथ सीधे मदद या समर्थन भी मांग सकते हैं। राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि देशभर में लोग अपने अधिकारों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पहला कॉलम...

नरेंद्र गोयल करेंगे ध्वजारोहण, अग्रसेन जयंती महोत्सव का आज से भव्य आगाज

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल समाज के अधिष्ठाता देव भगवान अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ आज 4 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में होगा। सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि नरेंद्र गोयल अग्र ध्वजा फहराकर इस आठ दिवसीय महोत्सव का विधिवत आगाज करेंगे। ध्वजारोहण के तुरंत बाद भगवान अग्रसेन जी की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न होगी। 4 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष अशोक सिंघल, नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष राहुल लोहिया एवं महिला मंडल की कोषाध्यक्ष सारिका अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत आज सुबह 10 बजे अग्रसेन भवन की प्राचीर पर समाज की आन-बान-शान के प्रतीक 'अग्र ध्वज' के आरोहण के साथ होगी। इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के पहले दिन दोपहर 3 बजे से नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में विविध मनोरंजक व बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आगामी दिनों में भी बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक स्पर्धाएं रखी गई हैं। जिससे पूरे समाज में उत्सव का माहौल बना रहेगा। अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य मुख्य समारोह 11 अक्टूबर को संपन्न होगा। इस मुख्य कार्यक्रम में कोरबा निवासी अशोक मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता दुर्ग निवासी गौरीशंकर अग्रवाल करेंगे। वहीं सुधीर बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच साझा करेंगे। मुख्य समारोह को लेकर समाज के सभी वर्गों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के सह मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

आज साकेत सम्मान से विभूषित होंगे ग्राम्य कवि आनंद राम सार्वा 'अनंत'

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम भर्रेगांव के समीप स्थित ग्राम मोखला में आज रविवार 4 अक्टूबर को साकेत साहित्य परिषद के वार्षिकोत्सव का गरिमामय आयोजन किया जा रहा है। इस साहित्यिक समागम में क्षेत्र के सुप्रसिद्ध ग्राम्य कवि आनंद राम सार्वा 'अनंत' को उनकी उत्कृष्ट काव्य साधना के लिए प्रतिष्ठित 'साकेत सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम सुंदरा के कवि एवं साकेत साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष पवन यादव 'पहुंना' ने बताया कि सिंघोला क्षेत्र के ग्राम कुतुलबोड (भाठागांव) निवासी कवि आनंद राम 'अनंत' मूलतः माटी की सोंधी महक और ग्राम्य जीवन के सशक्त रचनाकार हैं। उनकी कविताओं में ठेठ ग्रामीण परिवेश, लोक परंपरा, समृद्ध छत्तीसगढ़ी संस्कृति तथा सनातनी संस्कारों का अनुपम समन्वय देखने को मिलता है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के प्रतिष्ठित मंचों पर सफल काव्य पाठ कर अपनी सशक्त काव्य प्रतिभा का लोहा मनवा चुके कवि आनंद राम सार्वा 'अनंत' संत कबीर की उलटबासियों एवं उनकी विचार दर्शन से गहरे प्रभावित हैं। उनकी रचनाओं में सामाजिक यथार्थ के साथ-साथ दार्शनिक चिंतन की स्पष्ट छाप दिखाई देती है। कवि आनंद राम 'अनंत' को साकेत सम्मान मिलने की घोषणा पर अंचल के वरिष्ठ साहित्यकारों, कवियों, समाजसेवियों एवं साहित्य प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

पूर्व पार्षद भोलाराम मिश्रेकर का निधन

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव के पूर्व पार्षद एवं लोहार पारा निवासी भोलाराम मिश्रेकर का शनिवार को निधन हो गया। वे स्थानीय फोटो जर्नलिस्ट मनोज मिश्रेकर के पिता थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा आज 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे उनके निज निवास लोहार पारा से निकाली जाएगी। तत्पश्चात लखोली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न होगा।

मानकी बाई का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय बधियाटोला निवासी मानिक सहारे की धर्मपत्नी श्रीमती मानकी बाई का शुक्रवार की रात 12 बजे दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से निकाली गई। जो छिरपानी मुक्तिधाम पहुंची। मुक्तिधाम में गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार विधिवत संपन्न किया गया।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में

रोजाना 4 खेल
समयः- 12:00, 03:00
06:00 व रात 09:00 बजे

दृश्यम 3

अजय देवगन, तब्बू, श्रीया सरन, जयदीप अहलावत, प्रकाश राज, रजत कपूर, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव

टिकट दर बालकनी 150/-
रिजर्व- 100/-

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

6 राज्यों में 91.85 लाख की साइबर ठगी : म्यूल खाता धारक आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा गया जेल

गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी पर हुई कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस एवं जिला साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करते हुए छह राज्यों में 91 लाख 85 हजार रुपये की ठगी में प्रयुक्त 'म्यूल बैंक अकाउंट' (फर्जी/किराए के खाते) के धारक को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों में अपराधियों द्वारा आम लोगों के बैंक खातों को 'म्यूल अकाउंट' के रूप में इस्तेमाल करने के मामलों को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर एवं सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस और साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित कर अभियान छेड़ा गया। थाना प्रभारी शाह ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से ऐसे खातों की सूची प्राप्त हुई थी, जिनका उपयोग देश के विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की रकम खपाने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। तकनीकी जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोपी के आईसीआईसीआई बैंक खाते का उपयोग छह राज्यों में घटित 91 लाख 85 हजार रुपये की ठगी की रकम को प्राप्त करने एवं इधर-उधर स्थानांतरित करने के लिए किया गया। खाताधारक यह भली-भांति जानता था कि यह राशि धोखाधड़ी से अर्जित की गई है, फिर भी उसने कमीशन के लालच में खाते का दुरुपयोग होने दिया। मामले में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 611/26, धारा 317(4), 317(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

डोंगरगढ़ क्षेत्र का निवासी है आरोपी, जुर्म कबूला

विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी धनीराम सिन्हा (उम्र 43 वर्ष, पिता हीराराम सिन्हा, निवासी ग्राम जामरी, पोस्ट जटकन्हार, थाना डोंगरगढ़) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों और मास्टरमाइंड की तलाश कर रही है।

ट्रेन से गिरकर अज्ञात व्यक्ति की मौत, सुकुलदैहान पुलिस ने की शिनाख्त की अपील

राजनांदगांव (दावा)। सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत हल्दी रेलवे फाटक के आगे चलती ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्चुरी भिजवा दिया है, किंतु मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा आमजन से मृतक की पहचान सुनिश्चित कराने में सहयोग की अपील की गई है। सुकुलदैहान पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शव हल्दी रेलवे फाटक के आगे रेलवे ट्रैक पोल नंबर 909/18 के पास संदिग्ध अवस्था में पाया गया। सफेद रंग की चेकदार शर्ट तथा नीले रंग की जींस पैंट पहना है। मृतक की बाईं कलाई पर स्पष्ट रूप से 'मोनू' नाम का गोदना (टैटू) गुदा हुआ है तथा दाहिनी कलाई पर भी पहचान का निशान मौजूद है।

सूचना देने हेतु पुलिस ने जारी किए नंबर

पुलिस चौकी सुकुलदैहान ने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से अपील की है कि यदि उक्त हुलिये अथवा नाम से संबंधित किसी लापता व्यक्ति के बारे में कोई भी सुराग या जानकारी मिले, तो वे तत्काल सुकुलदैहान पुलिस चौकी के मोबाइल नंबर 9753778312 अथवा 6261620886 पर संपर्क कर जानकारी साझा कर सकते हैं।

न्यू बिहार पटना ढाबा में पुलिस की रेड : 17 लीटर अवैध शराब व बीयर जब्त, संचालक गिरफ्तार कर भेजा जेल

गांधी जयंती की रात ढाबे की आड़ में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार, तुमड़ीबोड़ पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार पर सख्त प्रहार करते हुए नेशनल हाईवे स्थित न्यू बिहार पटना ढाबा में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर जब्त की है। पुलिस ने ढाबे की आड़ में शराब बेचने वाले संचालक को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि अवैध शराब व नशे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) की रात मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि नेशनल हाईवे स्थित ग्राम कोहका के पास संचालित 'न्यू बिहार पटना ढाबा' का संचालक ड्राई डे के बावजूद ढाबे की आड़ में ग्राहकों को अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने रणनीतिक घेराबंदी करते हुए ढाबे पर अचानक दबिश दी। मौके पर ढाबा संचालक रंजीत यादव (उम्र 47 वर्ष, पिता स्व. रामानंद यादव, निवासी पेंड्री, वार्ड क्रमांक 20, राजनांदगांव) को पकड़ा गया। ढाबे की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड्स की कुल 17 बल्क लीटर अवैध शराब व बीयर बरामद हुई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 6,920 रुपये आंकी गई है।

जब्त की गई शराब में 38 पौवा सुपर 36 देशी प्लेन शराब, 7 पौवा शेरा देशी प्लेन शराब, 4 पौवा 20-20 डीलक्स व्हिस्की अंग्रेजी शराब, 1 पौवा सिंडिकेट व्हिस्की अंग्रेजी शराब (कुल 50 पौवा, मात्रा 09 बल्क लीटर), 16 नग सिम्बा बीयर (मात्रा 08 बल्क लीटर) आदि शामिल है। शराब संग्रहण एवं विक्रय के संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज अथवा अनुज्ञप्ति पेश नहीं किए जाने पर पुलिस ने शराब को विधिवत जब्त कर लिया। आरोपी रंजीत यादव के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गैर-जमानती अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

डोंगरगढ़ आबकारी विभाग की शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई : 45 पेटी एमपी की अंग्रेजी शराब और स्कॉर्पियो जब्त

डोंगरगढ़ (दावा)। सीमावर्ती इलाकों से हो रही अवैध शराब तस्करी पर नकेल कसते हुए डोंगरगढ़ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी टीम ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन से मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब की 45 पेटियां बरामद की हैं। आबकारी अमले को देखते ही चालक वाहन को मौके पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। विभाग ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो को विधिवत जब्त कर लिया है।

मुखबिर की सटीक सूचना पर बिछाया जाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग डोंगरगढ़ को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब की खेप एक चारपहिया वाहन से इस मार्ग से होकर अन्य जिले की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही आबकारी वृत्त प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर झिंझारी और मड़ियान रोड के मध्य रणनीतिक घेराबंदी की गई। संदेह के आधार पर रोकी गई स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर वाहन के भीतर से मध्यप्रदेश में बिक्री हेतु निर्मित विभिन्न ब्रांड्स की 45 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आबकारी अधिकारियों के अनुसार जब्त वाहन रायपुर पासिंग (पंजीयन) का बताया जा रहा है। प्रारंभिक सूत्रों के मुताबिक शराब तस्कर मध्यप्रदेश से यह बड़ी खेप लाकर दुर्ग जिले के बाजारों में खपाने की फिराक में थे। आबकारी विभाग ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर शराब और स्कॉर्पियो वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वाहन के चेचिस व इंजन नंबर के आधार पर उसके वास्तविक मालिक का पता लगाया जा रहा है। वहीं फरार आरोपी चालक और तस्करी के सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीम लगातार दबिश दे रही है।

ग्राम कलडबरी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कलडबरी के आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रांजलि शुक्ला ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं माताओं को कुपोषित बच्चों के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी दी।

NAME CHANGE

I, VANSH SINGH PAWAR, S/O MR SANJAY SINGH PAWAR AGED ABOUT 16 YEARS, RESIDING AT TULSIPUR, RAJNANDGAON, DO HEREBY SOLEMNLY AFFIRM AND DECLARE AS UNDER: 1. THAT I AM A STUDENT OF ROYAL KIDS' CONVENT AND HAD APPEARED FOR THE ICSE CLASS 10 EXAMINATION IN THE YEAR 2025-26 UNDER UNIQUE ID 8883445
2. THAT MY SURNAME "PAWAR" HAS BEEN INADVERTENTLY OMITTED FROM MY ICSE CLASS 10 MARKSHEET/CERTIFICATE, WHEREIN MY NAME IS PRINTED AS "VANSH SINGH". 3. THAT MY CORRECT NAME AS PER MY AADHAAR CARD, BIRTH CERTIFICATE, AND OTHER OFFICIAL RECORDS IS "VANSH SINGH PAWAR ". 4. THAT THE NAME "VANSH SINGH" AND "VANSH SINGH PAWAR " BOTH REFER TO ONE AND THE SAME PERSON, I.E., MYSELF, AND THERE IS NO OTHER CHANGE INTENDED EXCEPT THE INCLUSION OF THE OMITTED SURNAME. 5. THAT THIS AFFIDAVIT IS BEING SUBMITTED FOR THE PURPOSE OF REQUESTING CORRECTION OF THE SAID ERROR IN MY ICSE CLASS 10 MARKSHEET/CERTIFICATE BY THE COUNCIL FOR THE INDIAN SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATIONS (CISCE). 6. THAT THE CONTENTS OF THIS AFFIDAVIT ARE TRUE AND CORRECT TO THE BEST OF MY KNOWLEDGE AND BELIEF, AND NOTHING MATERIAL HAS BEEN CONCEALED THEREFROM.

MR. SANJAY SINGH PAWAR
TULSIPUR, RAJNANDGAON

शुभांक

अनुमानित

बी. के.	
234-9	350-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

आज से चिखली में खान बाबा का 4 दिवसीय उर्स पाक

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार स्थित चिखली के सैय्यद अकबर अली शाह कंधारी उर्फ खान बाबा का 41वां उर्स पाक धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज 4 अक्टूबर की शाम खान बाबा की गुसलखानी एवं परचम कुसाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं 5 अक्टूबर को अस्थाने शरीफ में कुरान ख्वानी एवं शाम 5 बजे शाही संदल चादर धुमाल बाजे के साथ चढ़ाया जाएगा। 7 अक्टूबर को सुबह कुल शरीफ़ की फातिया के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजन कर्ता अस्ताने ख़ादिम भोजराज शर्मा द्वारा सभी धर्म प्रेमी से अनुरोध किया गया है कि वे दरग़ाह शरीफ आकर नेक मुरादें पाएं और अपना जीवन सफल बनाएं।

रेलवे के लिखित आश्वासन को अमल में लाने फिर पहुंचे आसिफ अली

एलएचएस-460 अंडरब्रिज का काम शुरू कराने अधिकारियों से हुई निर्णायक चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। पटरीपार क्षेत्र के हजारों नागरिकों की आवागमन संबंधी गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस नेता आसिफ अली ने एक बार फिर रेलवे प्रबंधन के समक्ष मजबूती से आवाज उठाई है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से सीधी मुलाकात कर बहुप्रतीक्षित एलएचएस-460 अंडरब्रिज के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को तत्काल शुरू कराने को लेकर निर्णायक चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय द्वारा 12 मई को आसिफ अली को विधिवत लिखित पत्र जारी कर आश्वस्त किया गया था कि एलएचएस-460 का निर्माण कार्य अक्टूबर माह में प्रारंभ कर दिया जाएगा। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया था कि कार्य शुरू करने संबंधी आवश्यक विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। इसी लिखित आश्वासन के मद्देनजर अक्टूबर माह की शुरुआत होते ही आसिफ अली रेलवे स्टेशन पहुंचे और जिम्मेदार अधिकारियों को रेलवे के वादे की याद दिलाई। आसिफ अली ने रेलवे स्टेशन प्रबंधन सहित संबंधित इंचार्ज इंजीनियर मोनेश से कार्य की तकनीकी व वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि नागपुर मंडल से वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम इसी माह निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन व निरीक्षण करने पहुंच रही है। निरीक्षण के तुरंत बाद आवश्यक तकनीकी दिशा-निर्देश जारी कर अधूरे कार्य को गति दी जाएगी। चर्चा के दौरान आसिफ अली ने कहा कि रेलवे का लिखित आश्वासन रिकॉर्ड पर है और अब समय आ गया है कि इस वादे को कागजों से निकालकर धरातल पर उतारा जाए। अंडरब्रिज का कार्य लंबे समय से अटका होने के कारण पटरीपार क्षेत्र की बड़ी आबादी को रोजाना भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक मार्गों पर यातायात का अत्यधिक दबाव होने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। खासकर स्कूली बच्चों, कामकाजी लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। आसिफ अली ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान वे स्वयं मौके पर मौजूद रहकर जमीनी परिस्थितियों और जनसमस्याओं से अवगत कराएंगे। उन्होंने दो-टूक चेतावनी दी कि यह मामला पटरीपार क्षेत्रवासियों के बुनियादी अधिकार और सुरक्षा से जुड़ा है। यदि रेलवे प्रशासन ने अपने लिखित आश्वासन के अनुसार तय समयसीमा में कार्य प्रारंभ नहीं कराया, तो आम जनता को साथ लेकर उग्र जन आंदोलन छेड़ा जाएगा। जिसकी पूरी जवाबदेही रेलवे प्रबंधन की होगी।

जिला स्तरीय फुटबॉल : फाइनल में भिड़ेंगे फ्रैंक ब्रदर्स और एनएफसी डोंगरगढ़, आज दोपहर 3 बजे खिताबी जंग

राजनांदगांव (दावा)। ऐतिहासिक स्टेट स्कूल मैदान में खेली जा रही जिला स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। शनिवार को खेले गए कड़े और सांसें रोक देने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव और एनएफसी डोंगरगढ़ ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब दोनों दिग्गज टीमों के बीच खिताबी भिड़ंत रविवार दोपहर 3 बजे होगी। प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले बेहद संघर्षपूर्ण रहे और निर्धारित समय तक बराबरी पर छूटे, जिसके बाद परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। पहला सेमीफाइनल एनएफसी डोंगरगढ़ और राजनांदगांव जूनियर बॉयज के बीच खेला गया। रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में डोंगरगढ़ ने शानदार खेल दिखाते हुए जूनियर बॉयज को 3-1 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। दूसरा सेमीफाइनल फ्रैंक ब्रदर्स राजनांदगांव और डोंगरगांव की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पेनल्टी शूटआउट में फ्रैंक ब्रदर्स ने डोंगरगांव को 5-3 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को दोपहर 3 बजे फ्रैंक ब्रदर्स और एनएफसी डोंगरगढ़ के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों में बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल को देखते हुए दर्शकों को एक हाई-वोल्टेज और रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता की विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद एवं चमचमाती ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता राजनांदगांव जिला फुटबॉल संघ की आगामी सीनियर जिला टीम के गठन व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन के दृष्टिकोण से भी बेहद अहम मानी जा रही है। मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर चयनकर्ताओं की विशेष नजर रहेगी।

174 यात्रियों की जान बचाने वाले कैप्टन स्मित मच्छार को मिले अशोक चक्र : पवन गुप्ता

अंबागढ़ चौकी (दावा)। फ्लाई दुबई की अंतरराष्ट्रीय उड़ान में अप्रत्याशित संकट के दौरान अदम्य साहस, असाधारण सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर 174 यात्रियों की जिंदगी सुरक्षित बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता सम्मान 'अशोक चक्र' से अलंकृत करने की मांग उठी है। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने भारत सरकार से यह मांग की है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान के दौरान कॉकपिट के भीतर हुए अप्रत्याशित हमले में गंभीर रूप से लहूलुहान होने के बावजूद कैप्टन स्मित मच्छार ने अपने होश नहीं खोए। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और सुरक्षित लैंडिंग कराकर 174 जिंदगियों को बचा लिया। पवन गुप्ता ने कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की रक्षा करना ही सच्ची वीरता है और कैप्टन मच्छार का यह अदम्य साहस देश के युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है। पवन गुप्ता ने आगे कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार की कर्तव्यपरायणता और अदम्य साहस की सराहना करते हुए उन्हें 'हीरो' बताया है। कैप्टन मच्छार का पराक्रम किसी युद्धभूमि से कम नहीं था; हजारों फीट की ऊंचाई पर जीवन और मृत्यु के बीच जूझते हुए उन्होंने जिस धैर्य और संकल्प का परिचय दिया, वह राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। ऐसे असाधारण त्याग और पराक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान होना चाहिए, इसलिए केंद्र सरकार को उन्हें सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पदक 'अशोक चक्र' देने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए भाजपा पार्षद दल ने भी केंद्र सरकार से कैप्टन स्मित मच्छार को सम्मानित करने की अपील की।

बच्चों के सपनों और कल्पनाओं में दिखता है विकसित भारत का संकल्प - प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव

मेरे सपनों का भारत में बच्चों ने चित्रों और निबंधों के जरिए गढ़ा विकसित भारत का सपना

प्रभारी मंत्री ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र विद्यालय बसंतपुर एवं अन्य स्कूलों में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्रीगजेन्द्र यादव आज सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में आयोजित मेरे सपनों का भारत के तहत जिला स्तरीय चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम के मरम्मत कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने बालक-बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय निर्माण तथा विद्यालय में 5 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की भी घोषणा की। इसके साथ ही पेण्ड्री, मोहारा और शंकरपुर सहित अन्य स्कूलों से संबंधित विकास कार्यों के लिए भी राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडो के चयनित विद्यार्थियों द्वारा ड्राइंग्स और पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में सभी विकासखंडों के चयनित विद्यार्थियों द्वारा अपनी सहभागिता भाषण के रूप में दी। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के सपनों और उनकी कल्पनाओं में ही विकसित भारत की मजबूत नीव दिखाई देती है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मेरे सपनों का भारत के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्ष 2014 के भारत, वर्तमान भारत और वर्ष 2047 के विकसित भारत की कल्पना को चित्र, पेंटिंग और निबंध के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना की गई है। आज के विद्यार्थी ही आने वाले समय में इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में वोकल फॉर लोकल तथा मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से देश में निर्माण और स्वावलंबन की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने देश, प्रदेश और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, कला, कौशल और उत्पादों के प्रति गौरव की भावना रखने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला और स्थानीय हस्तशिल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी समृद्ध परंपराओं और स्थानीय कौशल को आगे बढ़ाना आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, नशामुक्ति तथा स्वच्छता जैसे सामाजिक सरोकारों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

सांसद संतोष पाण्डेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को प्रोत्साहन और उचित मंच मिलने से उनके आत्मविश्वास को नई दिशा मिलती है। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके शिक्षकों और पालकों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छोटी-सी उपलब्धि भी बच्चों के भीतर आगे बढ़ने और बेहतर करने की प्रेरणा पैदा करती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव प्रतिभाओं की धरती है। हॉकी, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों में जिले के खिलाडि़यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों में प्रतिभा के साथ साहस, संवेदना और राष्ट्रहित की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में साहस और मानवता का परिचय देने वाली प्रेरणादायी घटनाएं युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करती हैं। सांसद पाण्डेय ने कहा कि कोई भी कार्य केवल जिम्मेदारी पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि उसके पीछे बड़े उद्देश्य और सकारात्मक सोच के साथ किया जाए तो उसका प्रभाव व्यापक होता है। उन्होंने वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शिक्षा, कला, कौशल, परिश्रम और राष्ट्रीयता की भावना के साथ आगे बढ़कर विद्यार्थी देश को रक्षा, अर्थव्यवस्था, कृषि, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, भरत वर्मा, एम.डी. ठाकुर, राजेन्द्र गोलछा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थी उपस्थित थे।

मुंबई में गूंजा राजनांदगांव का नाम : विहार सेवा अधिवेशन में आचार्य महाबोधि सूरीश्वर जी ने की भूरि-भूरि प्रशंसा

राजनांदगांव में आयोजित ऐतिहासिक विहार सेवा सम्मेलन की अनुमोदना, शहर को मिली विशेष ट्रॉफी



राजनांदगांव (दावा)। मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय विहार सेवा अधिवेशन में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ और संस्कारधानी राजनांदगांव के नाम का डंका बजा। अधिवेशन के मंच से परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री महाबोधि सूरीश्वर महाराज साहेब ने अपने मुखारविंद से छत्तीसगढ़ सहित राजनांदगांव के विहार सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। आचार्य भगवंत ने राजनांदगांव में खरतरगच्छाचार्य, 'छत्तीसगढ़ श्रृंगार' पूज्य श्री पीयूष सागर सूरीश्वर जी म.सा. के पावन सानिध्य में संपन्न हुए राज्यस्तरीय विहार सेवा सम्मेलन की भूरि-भूरि अनुमोदना की। द्न्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि राजनांदगांव के सम्मेलन में विहार सेवा ग्रुप के 350 निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सहभागिता निभाई, जो पूरे समाज के लिए अनुकरणीय और प्रशंसनीय है। पूज्य आचार्य श्री ने श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी, ट्रस्टीगण ललित भंसाली, भावेश बैद, रोशन गोलछा एवं जीवनचंद बैद सहित उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक इस वृहद अभियान में मुंबई, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के सेवा समूह सक्रिय भूमिका निभा रहे थे, लेकिन अब छत्तीसगढ़ भी इस गौरवशाली राष्ट्रीय कड़ी में पूरी मजबूती के साथ जुड़ चुका है। राजनांदगांव में सेवा कार्य और सम्मेलन के सफल व व्यवस्थित आयोजन की सराहना करते हुए आचार्य भगवंत ने राजनांदगांव को विशेष सम्मान ट्रॉफी प्रदान करने की घोषणा की। इस घोषणा के होते ही अधिवेशन स्थल पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। वहीं राजनांदगांव के जैन समाज और विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी प्रसन्नता साझा की।

इंदामरा में आज निकलेगी रैली, एसपी होंगे मुख्य अतिथि

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण अंचल में नशामुक्ति और सामाजिक सुधार की दिशा में एक सशक्त पहल करते हुए ग्राम पंचायत इंदामरा में रविवार 4 अक्टूबर को वृहद 'नशामुक्ति रैली एवं जनजागरूकता अभियान कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। 'आओ मिलकर संकल्प लें के नशा मुक्त इंदामरा-स्वस्थ इंदामरा' के ध्येय वाक्य के साथ यह अभियान माँ शीतला जनसेवा समिति इंदामरा के सानिध्य में आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत रविवार प्रातः 10 बजे स्थानीय स्कूल प्रांगण से होगी। यहां से स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य, युवा संगठन एवं ग्रामीण जन हाथों में नशामुक्ति के प्रेरक नारों की तख्तियां लेकर पूरे गांव में जनजागरूकता रैली निकालेंगे। गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के पश्चात प्रातः 11 बजे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला इंदामरा के परिसर में मुख्य जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों, पारिवारिक विघटन और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव के पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदामरा ग्राम पंचायत के सरपंच करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में थाना प्रभारी लालबाग, स्थानीय पंचायत पदाधिकारी, ग्राम पटेल, महिला समूहों की अध्यक्ष एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति ने समस्त ग्रामवासियों, युवाओं एवं मातृशक्ति से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव : 'गीता के ज्ञान से सफलता की ओर' विशेष प्रेरक सत्र आज, गगन लड्डा करेंगे मार्गदर्शन

अग्रवाल सभा एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। अग्रसेन जयंती महोत्सव 2026 के उपलक्ष्य में इस वर्ष संस्कारधानी में एक विशेष प्रेरणादायी एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल सभा राजनांदगांव एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में 'गीता के ज्ञान से सफलता की ओर' विषयक विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात चिंतक व वक्ता गगन लड्डा उपस्थित रहेंगे। इस प्रेरक कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि वर्तमान दौर में आम जनमानस और युवा वर्ग श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों, जीवन दर्शन और व्यावहारिक ज्ञान को अपनाकर अपने जीवन को किस प्रकार सफल, संतुलित और सार्थक बना सकते हैं। दैनिक जीवन की चुनौतियों और लक्ष्यों को गीता के सिद्धांतों के जरिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हासिल करने की दिशा में यह सत्र मील का पत्थर साबित होगा।

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए युवा संगठन के अंकुश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, नमन पोद्दार, अवंत अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, विकास गोयल, विनोद अग्रवाल सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने समाज के सभी अग्र बंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति और प्रबुद्ध नागरिकों से 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस प्रेरक सत्र में सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर जीवनोपयोगी ज्ञान और मार्गदर्शन का लाभ उठाने की अपील की है।

मोटर सायकल चोर पकड़ाया

डोंगरगांव (दावा)। चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में थाना डोंगरगांव द्वारा कार्यवाही किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर प्रार्थी लुलेश कुमार निषाद पिता यादराम निषाद उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बरगांव, थाना डोंगरगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 सितंबर को अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 08 वाय 4603 को डोंगरगांव स्थित साहू वेल्डिंग दुकान चौकी रोड के पास खड़ी कर कृषि उपज मंडी गया था। वापस आने पर मोटर सायकल उक्त स्थान से गायब मिली। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के मार्गों में लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया गया। फुटेज के आधार पर संदेही बीनू विश्वकर्मा उर्फ विनोद विश्वकर्मा को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उक्त मोटर सायकल चोरी करना तथा चोरी की मोटर सायकल को अपने घर के आंगन में छिपाकर रखना बताया गया। आरोपी की निशानदेही पर कॉलेज रोड, वार्ड क्रमांक 10 डोंगरगांव स्थित उसके घर से चोरी की गई मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 08 वाय 4603 बरामद कर विधिवत जप्त की गई। आरोपी बीनू विश्वकर्मा उर्फ विनोद विश्वकर्मा पिता कमलेश कुमार विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी कॉलेज रोड, वार्ड क्रमांक 10 डोंगरगांव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

खैरझिटी के हुमन को आंख के इलाज के लिए मिली आर्थिक सहायता, खिले चेहरे

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम खैरझिटी में दृष्टिबाधित हुमन राकेश के बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता का चेक मिलने से परिजनों के चेहरे खिल उठे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने ग्रामीणों के साथ हुमन राकेश के घर पहुंचकर उन्हें 10 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। सहायता राशि प्राप्त होने से अब हुमन राकेश के आंखों के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने दृष्टिबाधित हुमन राकेश और उनकी माता प्रतिमा राकेश को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि उपचार के लिए आगे भी हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस संवेदनशील पहल पर हुमन राकेश एवं उनकी माता ने डॉ. रमन सिंह, राजेश श्यामकर तथा विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान गांव की तीन अन्य जरूरतमंद महिलाओं– पुराण बाई, कुंती बाई एवं चाकेश्वरी यादव को भी 5-5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, सरपंच नेमु वर्मा, भाजयुमो जिला पदाधिकारी तिलेश्वर सिन्हा, सचिव राधेलाल साहू, द्वारका साहू, विष्णु सिन्हा, चेतन देसलहरे, तोमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

लोचन प्रसाद निर्मलकर बने छत्तीसगढ़ धोबी समाज के जिला महासचिव, मिला प्रवक्ता का भी अतिरिक्त प्रभार

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ धोबी समाज के संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर की अनुशंसा पर ग्राम घुमका निवासी लोचन प्रसाद निर्मलकर को राजनांदगांव जिले का नया जिला महासचिव नियुक्त किया है। संगठन द्वारा लोचन प्रसाद निर्मलकर को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही जिले में समाज के संगठन का विस्तार करने के लिए पूर्णतः अधिकृत किया गया है। इसके अलावा समाज की गतिविधियों और विचारों को प्रमुखता से रखने के लिए उन्हें प्रवक्ता पद का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। लोचन प्रसाद निर्मलकर की इस नियुक्ति पर समाज के लोगों और स्वजनों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में समाज में एकजुटता आएगी और संगठन को धरातल पर नई मजबूती मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर लोचन प्रसाद निर्मलकर ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर और जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के विकास, सामाजिक एकजुटता और संगठन के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।

राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस : कवीश काला का बड़ा उलटफेर, अंडर-19 में बने नए चैंपियन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजनांदगांव जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा दिग्विजय स्टेडियम के बास्केटबॉल हॉल में आयोजित 'स्व. प्रकाश चितलांग्या स्मृति द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' में शनिवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। यूथ (अंडर-19) बालक वर्ग में रायपुर के कवीश काला ने प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पहली बार खिताबी जीत दर्ज की। वहीं समाया पांडे ने शानदार खेल दिखाते हुए अंडर-19 और अंडर-15 (सब जूनियर) दोनों वर्गों की ट्रॉफी अपने नाम की।

प्रतियोगिता के सबसे कड़े मुकाबले में कवीश काला ने क्वार्टर फाइनल में प्रथम वरीयता प्राप्त यशवंत डेकाटे को 3-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया और फाइनल में आर्यन कुमार सिंह को 4-1 से शिकस्त देकर यूथ अंडर-19 का खिताब जीता। सब जूनियर (अंडर-15) बालक वर्ग में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने कवीश काला को 3-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। यूथ बालक (अंडर-19) में कवीश काला (रायपुर) ने आर्यन कुमार सिंह (रायपुर) को 4-1 से हराकर खिताब जीता। यूथ बालिका (अंडर-19) में समाया पांडे (रायपुर) विजेता बनीं, लावण्या पांडे (रायपुर) को 4-0 से हराया। सब जूनियर बालक (अंडर-15) में दीक्षांत कुमार जांगड़े (बिलासपुर) ने कवीश काला (रायपुर) को 3-0 से पराजित कर पहला स्थान पाया। सब जूनियर बालिका (अंडर-15) में समाया पांडे (रायपुर) ने लावण्या पांडे (रायपुर) को 3-0 से हराकर दोहरा खिताब अपने नाम किया। सीनियर पुरुष वर्ग (क्वार्टर फाइनल) में अरिंदम देबनाथ ने एम. रविराज को 3-0, राजीव साहू ने प्रणय चौहान को 3-0 तथा विशाल देकाटे ने आयुष शर्मा को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सीनियर महिला वर्ग (क्वार्टर फाइनल) में सुष्मिता सोम (बिलासपुर) ने अक्षिता बिनु को 3-0, आरना खोतेले (रायपुर) ने अदिति खुटिया को 3-1, लावण्या पांडेय (रायपुर) ने आंचल बारेठ को 3-2 एवं समाया पांडेय (रायपुर) ने प्रज्ञा पाठक को 3-2 से पराजित कर अंतिम चार में जगह बनाई। होप्स बालक (अंडर-11 सेमीफाइनल) में शिवाय मेघानी (बिलासपुर) ने अबीर अग्रवाल (रायपुर) को 3-1 तथा ऋषि कुमार (बिलासपुर) ने ओम यादव (दुर्ग) को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। होप्स बालिका (अंडर-11 सेमीफाइनल) में आराध्या चंद्राकर (धमतरी) ने प्रिशा पाटिल (रायपुर) को 3-0 एवं पी. द्विजा राव (दुर्ग) ने प्रिशा वर्मा (बिलासपुर) को 3-2 से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया।

जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि अंडर-19 और अंडर-15 वर्ग के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी रवि बग्गा थे। अध्यक्षता ममता मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा व्यवसायी हर्ष चितलांग्या एवं वरिष्ठ खेल अधिकारी अरुण चौधरी उपस्थित रहे। समारोह में संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बग्गा, सचिव अरुण दुलानी, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र साहू, मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी, पी.एन. मजूमदार व अभिनव शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पदाधिकारी प्रशांत कन्नौजे ने किया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार, 4 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से सीनियर पुरुष एकल, यूथ जूनियर (अंडर-17) एवं कैडेट (अंडर-13) बालक-बालिका एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले खेले जाएंगे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर समता मंच वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर समता मंच वृद्धाश्रम राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को उनके कानूनी एवं मौलिक अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और कानूनी संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रावधानों के संबंध बताया।

उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के तहत मिलने वाले अधिकारों, शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा निश्शुल्क कानूनी सहायता के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता एवं टोल फ्री हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी गई। न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने आश्रम परिसर एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। पैरा लीगल वालंटियर प्रशांत बारसे ने वृद्धजनों को विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली व्यावहारिक सहायता, संपर्क प्रक्रिया तथा प्रशासनिक सहयोग के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर आश्रम के संचालक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

देवांगन समाज मनाएगा मां परमेश्वरी देवी जयंती : 101 जोड़ों का होगा आदर्श विवाह, रक्तदान व नशामुक्ति के होंगे आयोजन

बसंत पंचमी 2027 पर आयोजित होगा भव्य महोत्सव, प्रदेशभर से जुटेंगे समाजजन] मृत्युभोज पर पूर्ण प्रतिबंध, अंतर्जातीय विवाह पर सामाजिक बायलॉज के तहत होगा कड़ा निर्णय

राजनांदगांव (दावा)। नगर देवांगन समाज द्वारा समाज की अधिष्ठात्री कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती भव्य व गरिमामय स्तर पर मनाने की जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल देवांगन ने रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि आगामी बसंत पंचमी (फरवरी 2027) के पावन अवसर पर भव्य मां परमेश्वरी जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस वृहद आयोजन में समाज के 101 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह, युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, नशामुक्ति जनजागरण सहित अनेक रचनात्मक सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राहुल देवांगन ने बताया कि महोत्सव के दौरान समाज के प्रबुद्धजनों व वरिष्ठों द्वारा निर्धन बच्चों की उच्च शिक्षा, कौशल विकास और भविष्य निर्माण को लेकर ठोस रणनीति बनाई जाएगी। समाज में फिजूलखर्ची रोकने के उद्देश्य से देवांगन समाज ने मृत्युभोज को पूरी तरह से प्रतिबंधित (बैन) कर दिया है। इसके साथ ही अंतर्जातीय विवाह के बढ़ते मामलों पर भी सामाजिक बायलॉज के प्रावधानों के अनुरूप कड़े निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के युवक-युवतियां अन्य समाज या धर्म के संपर्क में आकर दिशाहीन न हों, इसके लिए सामाजिक स्तर पर काउंसलिंग और निरंतर मार्गदर्शन की व्यवस्था की जा रही है। राहुल देवांगन ने कहा कि इस महोत्सव में पूरे प्रदेश से देवांगन समाज के प्रतिनिधि व परिवार शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में अटूट एकता स्थापित करना और अन्य समुदायों के सामने भी सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करना है। बुजुर्गों के सानिध्य से नई पीढ़ी में उत्तम संस्कार पल्लवित होते हैं और वे सामाजिक कुरीतियों व बुराइयों से दूर रहते हैं। नगर देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष व नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के संरक्षक महेश देवांगन ने कहा कि महोत्सव को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए सामाजिक बंधु हर स्तर पर सक्रियता से जुटे हैं। उन्होंने नई कार्यकारिणी को इस पुनीत पहल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। पत्रकार वार्ता के दौरान समाज के संरक्षक झम्मन देवांगन, दयावान देवांगन, सचिव गणेश देवांगन, उदय देवांगन सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनमोल 'दावा'

> जो आप नहीं कर सकते, उसे आप जो कर सकते हैं उसमें हस्तक्षेप न करें।

आक्रोश के अलावा: सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा का सवाल

पिछले महीने महिलाओं और बच्चों पर यौन हमलों की सुर्खियों से यह लगा कि ऐसा तो पहले भी चुका है, बिल्कुल उतना ही घिनौना। अकेले राष्ट्रीय राजधानी में, आस्था कुंज पार्क में पुलिसकर्मी बनकर आये तीन पुरुषों द्वारा 17 साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार, स्वरूप नगर में 16 साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार और हत्या तथा ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में एक और 17 साल की लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाओं में से हरेक ने देश को कुछ समय के लिए स्तब्ध किया। इसके बाद, आखिरकार एक निराशा भरा गुस्सा फूट पड़ा। निर्भया मामले के बाद मोमबत्ती जुलूस निकले और आयोग बने, महिलाओं और लड़कियों को, खासकर सार्वजनिक जगहों में, यौन हिंसा से बचाने के लिए कई नयी योजनाओं, कानूनों और फंड की शुरुआत हुई, लेकिन इन 14 सालों में ज्यादा कुछ बदला नहीं लगता। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि निर्भया मामले के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 80 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। साल 2012 में ये मामले 2.4 लाख थे, जो साल 2024 में बढ़कर 4.4 लाख हो गये। इसका कुछ श्रेय अपराधों की ज्यादा रिपोर्टिंग को जाता है, जो नये कानूनों और योजनाओं की वजह से सुगम हो गयी है, लेकिन उनकी इतनी बड़ी संख्या के कारण के रूप में यह पर्याप्त नहीं है। साल 2024 में, हर घंटे 50 से ज्यादा महिलाओं-के-खिलाफ-अपराध रिपोर्ट हुए; जयपुर, इंदौर, लखनऊ और दिल्ली जैसे मेट्रो शहरों में ऐसे अपराधों की दर सबसे ज्यादा देखी गयी।

सरकार ने इस मसले से निपटने के लिए कई सारी पहलें शुरू की हैं, 'सेफ सिटी' परियोजना से लेकर 'मिशन शक्ति' तक, महिलाओं के लिए हेल्पलाइन और आपातकालीन मदद प्रणाली से लेकर यौन हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए 'वन-स्टॉप सेंटर' और फास्ट-ट्रैक कोर्ट तक। इनमें से कई का वित्तपोषण निर्भया फंड से किया गया है। हालांकि, हालिया अपराध इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर सवालिया निशान लगाते हैं। प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे लगाने भर से सुरक्षित शहर नहीं बनाया जा सकता, जरूरी है कि कैमरे काम करें, उनकी निगरानी हो, और उन्हें किसी प्रतिक्रिया प्रणाली से जोड़ा जाए। पुलिस गश्त और इमरजेंसी नंबर तभी मायने रखते हैं जब उनका परिणाम प्रशिक्षित और संवेदनशील कर्मियों द्वारा त्वरित हस्तक्षेप के रूप में सामने आए। योजना-आधारित पुलिसिंग से हटकर रोकथाम, और परिणाम-आधारित पुलिसिंग की ओर बढ़ना अहम है। साथ ही, जोखिम वाली जगहों का पब्लिक ऑडिट होना चाहिए और कमियों को ठीक करने के लिए समयसीमा और जवाबदेही तय होनी चाहिए। न्याय व्यवस्था को भारी संख्या में लंबित मामलों से निपटना होगा। अगर पीड़ितों को मुकदमे के लिए सालों तक इंतजार करना पड़े तो तेजी से तफ्तीश का वादा बेमानी हो जाता है। अधिकारियों को महिला सुरक्षा को महिला स्वतंत्रता पर पाबंदियों में बदल देने के लालच से भी बचना होगा। असुरक्षित सार्वजनिक जगहों का जवाब यह नहीं हो सकता कि महिलाएं अंधेरा होने के बाद पार्क न जाएं, जल्दी घर लौटें, किसी संगी-साथी के साथ ही यात्रा करें, या फिर पुरुष हिंसा की आशंका को ध्यान में रखकर अपनी जिंदगी व्यवस्थित करें। सबसे अहम बात यह है कि युगों पुरानी पितृसत्तात्मक परंपराओं से पनपी, यौन हिंसा और विषाक्त पुरुषत्व की संस्कृति को चुनौती देने की जरूरत है।

दुर्गम राहों से विकास के रास्ते तक छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना

डॉ. दानेश्वरी संभाकर, उप संचालक

रायपुर। किसी गांव के लिए बस सेवा केवल एक जगह से दूसरी जगह जाने का साधन नहीं होती। वह बच्चों के लिए स्कूल पहुंचने का भरोसा, मरीजों के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक जाने का रास्ता, किसानों और वन उपज संग्राहकों के लिए हाट-बाजार तक पहुंच और मजदूरों के लिए काम के बाद घर लौटने की सुविधा भी होती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग के अनेक गांवों में यह सहज सुविधा लंबे समय तक उपलब्ध नहीं थी। घने जंगलों, पहाड़ी रास्तों, बिखरी बसाहटों और कम यात्री संख्या के कारण निजी बस संचालक इन मार्गों पर सेवा देने से कतराते थे। ग्रामीणों को पिकअप या मालवाहक वाहनों के खुले हिस्से में सफर करना पड़ता था, कई बार अधिक किराया देकर भी, बिना तय समय और बिना बैठने की सुरक्षित जगह के। इसी जरूरत को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दुर्गम और कम यात्री संख्या वाले गांवों को नियमित यात्री परिवहन से जोड़ने का प्रयास किया। योजना का शुभारंभ 4 अक्टूबर 2025 को जगदलपुर से हुआ। एक वर्ष के भीतर इस पहल का विस्तार बस्तर और सरगुजा संभाग के 13 जिलों तक पहुंचा। सितंबर 2026 की स्थिति में 106 मार्गों पर 107 बसें संचालित थीं और 850 ऐसे गांव पहली बार नियमित बस सुविधा से जुड़े, जहां पहले नियमित यात्री बस नहीं पहुंचती थी। एक वर्ष में इन बसों ने लगभग 24 लाख किलोमीटर की दूरी तय की।

बस्तर में दूरी केवल किलोमीटर से नहीं मापी जाती

बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों में किसी गांव तक पहुंचना कई बार केवल नक्शे पर दूरी देखने जितना सरल नहीं होता। जंगलों से गुजरते रास्ते, दूर-दूर बसे गांव और सीमित परिवहन विकल्प रोजमर्रा के कामों को भी कठिन बना सकते हैं। सुकमा और बीजापुर जैसे जिलों के अंदरूनी क्षेत्रों तथा नियद नेल्लानार ग्रामों में बस सेवा पहुंचाना इसलिए केवल मार्ग तय करने का काम नहीं था। यह उन इलाकों तक सार्वजनिक सुविधा पहुंचाने की कोशिश थी। जहां नियमित यातायात उपलब्ध कराना व्यावसायिक दृष्टि से कठिन माना जाता था।

योजना के तहत सुकमा जिले के पुवर्ती, जगरगुंडा, किस्टाराम और गोलापल्ली जैसे गांव नियमित बस सेवा से जुड़े हैं। बस्तर संभाग में सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर, कोंडागांव और कांकेर जिलों के 55 मार्गों पर 57 बसें चल रही हैं। सरगुजा संभाग के छह जिलों में 51 मार्गों पर 50 बसें संचालित हैं। कुल अधिसूचित मार्गों की लंबाई लगभग 5,300 किलोमीटर है। मार्ग 14 से 105 किलोमीटर तक लंबे हैं और उनकी औसत लंबाई करीब 49 किलोमीटर है। सामान्यतः बसें प्रतिदिन दो यात्राएं करती हैं। योजना की उपलब्धि केवल इस बात में नहीं है कि बसें दुर्गम इलाकों तक पहुंचीं। अहम यह भी है कि स्थानीय जरूरतों के अनुसार मार्ग चुने गए। मार्गों के प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तैयार करते हैं। जिला स्तरीय समिति उनकी जांच करती है और राज्य स्तरीय समिति चयन करती है। इससे गांवों की

बस्तर के अंदरूनी गांवों में बस की नियमित आवाजाही ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच को नई दिशा दी

जरूरत और प्रशासनिक समीक्षा, दोनों को प्रक्रिया में जगह मिलती है।

0 सुरक्षित सफर और किराये में राहत

योजना से पहले कोंटा से जगरगुंडा के 83 किलोमीटर के सफर में यात्रियों को पिकअप या मालवाहक वाहन में खुले हिस्से पर खड़े होकर यात्रा करनी पड़ती थी। इसके लिए 200 रुपये या उससे अधिक देना पड़ सकता था। अब इसी मार्ग पर योजना की बस में तय समय पर सीट के साथ यात्रा का किराया 130 रुपये है। गांवों के बीच छोटी दूरी के लिए भी, जहां पहले वाहन उपलब्ध होने पर 200 रुपये तक देने पड़ते थे, अब निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार 50 रुपये में सफर संभव है। यह बदलाव महिलाओं, बच्चों, मरीजों और बुजुर्ग यात्रियों के लिए खास मायने रखता है। बस में सीट और तय समय होने से यात्रा अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनती है। जून 2026 में कोंटा-जगरगुंडा मार्ग पर किए गए फील्ड सर्वे में यात्रियों ने बस सेवा को सुरक्षित बताया।

बस से खुलते हैं शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के रास्ते

नियमित बस सेवा का असर कई बार यात्रा के समय से आगे जाकर दिखाई देता है। कोंटा क्षेत्र का 12 वर्षीय एक छात्र रोज बस से भेज्जी के स्कूल जाता है। उसी मार्ग पर चिंतागुफा का आरोग्य मंदिर भी स्थित है। अब मरीजों और उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने का एक नियमित विकल्प उपलब्ध है। स्थानीय विक्रेता आम, महुआ, मुर्गी और अन्य वनोपज लेकर हाट-बाजार जा सकते हैं और उसी दिन गांव लौट सकते हैं। आंध्र प्रदेश में दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर भी काम के बाद उसी दिन वापस लौट पा रहे हैं, जिससे उन्हें रात बाहर बिताने की जरूरत कम होती है। युवा रोजगार के लिए कोंटा और जगदलपुर तक जा सकते हैं। बसों में यात्रियों के साथ सामान भी पहुंचता है। वन उपज बाजार तक और जरूरत का सामान गांवों तक। इस तरह गांव, हाट और ब्लॉक मुख्यालय के बीच रोजमर्रा का संपर्क मजबूत होता है। बस सेवा का लाभ सुरक्षा बलों के आवागमन में भी दिखाई देता है। मार्गों के सीआरपीएफ कैंपों के जवान भी इन बसों से यात्रा करते हैं। यह उदाहरण बताता है कि नियमित सार्वजनिक परिवहन का असर स्थानीय जीवन के कई पक्षों तक फैल सकता है- शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, रोजगार और आवागमन, सभी इससे जुड़े हैं।

कठिन मार्गों पर सेवा के लिए सरकारी सहयोग

दुर्गम और कम यात्री संख्या वाले मार्गों पर बस चलाने का खर्च संचालकों के लिए अधिक हो सकता है, जबकि किराये से पूरी लागत वसूलना कठिन रहता है। इस अंतर को कम करने के लिए राज्य सरकार प्रति किलोमीटर वित्तीय सहायता देती है। योजना के तहत पहले वर्ष 26 रुपये, दूसरे वर्ष 24 रुपये और तीसरे वर्ष 22 रुपये प्रति किलोमीटर सहायता का प्रावधान है। बस संचालकों को मासिक मोटरयान कर में अधिकतम तीन वर्ष तक छूट भी दी जाती है। सितंबर 2026 तक 107 बस संचालकों को कुल 5.77 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी थी। बस और किराये का संचालन निजी संचालक करते हैं, सरकार अधिसूचित मार्ग पर सेवा जारी रखने के लिए सहयोग देती है। तकनीक के उपयोग से संचालन और भुगतान की निगरानी भी की जाती है। बसों में वीएलटीडी (जीपीएस) उपकरणों से उनकी स्थिति परिवहन विभाग के नियंत्रण एवं कमांड सेंटर तक पहुंचती है। एमएमजीबीवाई पोर्टल पर बसों की लाइव ट्रैकिंग, मार्ग, ट्रिप और स्टॉपेज की जानकारी उपलब्ध है। भुगतान अधिसूचित मार्ग पर तय किए गए किलोमीटर और ऑनलाइन जीपीएस रिपोर्ट के आधार पर होता है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दैनिक रिपोर्ट की जांच करते हैं। यात्रियों के लिए समय-सारिणी बस संगवारी ऐप पर उपलब्ध है।

अगले चरण में विस्तार की तैयारी

योजना का अगला चरण इसे नए क्षेत्रों तक ले जाने की दिशा में है। आठ जिलों के अनुसूचित क्षेत्रों के 85 आदिवासी विकासखंडों में बस सेवा विस्तार का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 60 से 80 बसें प्रस्तावित हैं। अनुमान है कि इससे 4,368 ऐसे गांवों और लगभग 14.57 लाख लोगों को लाभ मिल सकता है, जहां अभी बस सुविधा उपलब्ध नहीं है। यात्रियों के लिए यूपीआई और क्यूआर कोड से किराया भुगतान की सुविधा भी प्रस्तावित है। दृष्टिबाधित और बौद्धिक दिव्यांग यात्रियों, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ व्यक्तियों, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा एचआईवी या एड्स से पीड़ित यात्रियों को सहायक सहित 100 प्रतिशत किराया छूट का प्रावधान है। कलेक्टर द्वारा प्रमाणित नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट दी जाती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना ने परिवहन की कमी से जूझ रहे गांवों तक सार्वजनिक सेवा पहुंचाने का एक व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत किया है। बस्तर की दुर्गम राहों पर चलती बसें इस बात का संकेत हैं कि विकास का रास्ता तभी व्यापक होता है, जब वह दूरस्थ गांवों तक पहुंचे। जहां पहले सफर अनिश्चित, महंगा और असुरक्षित था, वहां अब नियमित बस बच्चों को स्कूल, मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीणों को हाट और श्रमिकों को काम तक पहुंचाने में सहायक बन रही है। यही इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि है, दूरी घटने के साथ अवसरों का बढ़ना।

- विचार सरिता -

मन में बसे हैं राम: 457: ''श्री राम अरण्य क्षेत्र में, वे दुर्गम दक्षिणापथ को भी सुगम बनाएँगे।''

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

अगस्त्य ऋषि के शिष्य ने उत्तर दिया, ''आप उचित कहते हैं श्रीराम! गुरुदेव का जीवन यायावर है। वे पूरे जंबूद्वीप में धर्म और न्याय की ध्वजा फहराना चाहते हैं। उन्होंने मुझसे आपके वन क्षेत्र में प्रवास की जानकारी दी और यह कहा कि श्री राम अरण्य क्षेत्र में पहुंच चुके हैं और वे अपने कार्यों से दुर्गम दक्षिणापथ को भी सुगम बनाएंगे।''

लक्ष्मण जी ने मुस्कुराते हुए कहा, ''ऋषि कुमार! संपूर्ण वार्तालाप आश्रम द्वार पर ही संपन्न कर लेंगे? मुनि अगस्त्य नहीं हैं, तो क्या हम यहाँ दो घड़ी विश्राम भी नहीं कर सकते हैं?''

लक्ष्मण जी की बातें सुनकर चैतन्य कीर्ति को अपनी त्रुटि की अनुभूति हुई। उन्होंने तीनों का स्वागत करते हुए कहा,

''क्षमा कीजिए। आइए! आश्रम में प्रवेश कीजिए। आप सबका इस आश्रम में अभिनंदन है। शेष चर्चा रात्रि-भोजन के पूर्व होगी। अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण मैं आपसे भेंट होते ही गुरुवर के निर्देशों को आपसे कहने लग गया था।''

श्री राम ने कहा, ''कोई बात नहीं ऋषिकुमार!

आज हम रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। बाद में मुनि अगस्त्य के संदेश पर विस्तृत चर्चा हो ही जाएगी।''

तीनों ने भीतर प्रवेश किया। यज्ञशाला में ही उनके विश्राम की व्यवस्था की गई। यज्ञशाला के बीचोंबीच हवन कुण्ड था और चारों ओर खुला स्थान अग्निहोत्र करने वाले शिष्यों के बैठने के लिए था।एक कोने के ऊपर घास-पात का मंडप आच्छादित था। श्रीराम, सीताजी और लक्ष्मण जी वहीं ठहरे। रात्रिभोजन से पूर्व तो नहीं किंतु शयन से पूर्व श्रीराम और चैतन्य कीर्ति के मध्य चर्चा हुई। लक्ष्मण जी पहले ही गहन अंधकार में आश्रम के आसपास का निरीक्षण करने बाहर निकल गए थे।

आश्रम के भीतर विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए श्रीराम ने अगस्त्य मुनि के वर्तमान कार्यों का विवरण प्राप्त किया। वे विंध्यराज से एक आवश्यक चर्चा के लिए आश्रम छोड़कर रीमा नगरी गए हुए हैं। अगस्त्य ऋषि विंध्यराज को मनाकर दक्षिणापथ के लिए दंडकारण्य से होकर एक नया मार्ग बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं। आर्यावर्त के लिए दक्षिणापथ सदैव से अबूझ और दुर्गम रहा है। अगस्त्य ऋषि महाज्ञानी, वैज्ञानिक, आविष्कारक, संगठनकर्ता और योग्य आध्यात्मिक युग गुरु हैं। उन्होंने श्री राम को संदेश दिया हुआ है कि जब वे दक्षिणापथ में भ्रमण करेंगे तो ज्ञान और संस्कृति के प्रसार के लिए आगे बढ़ेंगे और दक्षिण के लिए सुगम पथ के निर्माण में अपना योगदान देंगे। श्रीराम संपूर्ण वन क्षेत्र के कोने-कोने का भ्रमणकर उसे राक्षसों और दस्युओं से निरापद करेंगे। सकल जंबूद्वीप के सांस्कृतिक एकीकरण में श्री राम के रणनीतिक कौशल की निर्णायक भूमिका रहेगी

(भगवान श्रीराम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्रीराम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ-साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -179

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 178 का हल

सामयिक चर्चा

महंगाई पर मंथन

खबर पढ़कर
बानी बोले - ''गजाधर!
कांग्रेस ने कहा है कि
महंगाई सिर्फ बाजार के आंकड़ों में
नहीं बढ़ रही है
बल्कि इसका असर हर मध्यम वर्गीय
और गरीब परिवार की रसोई में
महसूस किया जा रहा है।
और हालत में हो गये हैं कि
त्यौहारों के मौसम में
रसोई का बजट तीन महीने में
25 प्रतिशत से अधिक
बढ़ता आ रहा है।
चांवल, दाल तेल की कीमत
मनमाने बढ़ रही है
इसकी मार अब
हमारे पेट पर पड़ रही है।
तो गजाधर! हम आपसे
आज यह पूछते है यार!
भीषण महंगाई से जनता को कब
छुटकारा दिलायेगी मोदी सरकार?''
गजाधर व्यंग्य से मुस्कराए,
बोले- ''बानी धीरज धरो।
धीरज का फल मीठा होता है यार।
अभी महंगाई पर
मंथन कर रही है मोदी सरकार।''

(शनिवार 03 अक्टूबर 2026)

गिरीश बख्शी

कविता

नाट्य-पर्दा न गिर पाया!

मन में हों जब बातें अनगिन, तब खामोशी ही भाती है।
जद्दोजहद इस जीवन की, कभी पीछा नहीं छुड़ाती है।।
कुछ-कुछ यादें जीवन की, जो कभी नही धुंधलाती हैं।
हँस तो लेते हैं भीड़ में, लेकिन अकेले बहुत रुलाती हैं।।
कई दरवाज़े और दीवारें, फिर क्यों तन्हा रात होती है?
बस उसी ख़ामोशी में तुमसे, मेरी हर एक बात होती है।।
जो विराम तेरे- मेरे हिस्से, वो खत्म कभी नहीं होता।
साँझ-सकारे तुम्हें सोचता, यह वक्त भी कम नहीं होता।।
कई-कई अनसुने प्रश्न हैं, जो होंठों तक कभी नहीं आते।
कई-कई अनकहे उत्तर हैं, जो आँखों से ही कहे जाते।।
जन्म-जन्म की प्रतीक्षा, बस प्रेम के हिस्से ही आती है।
जिसे पढ़ न पाये शब्द कभी, उसे आत्मा ही पढ़ पाती है।।
प्रतीक्षा के उपसंहार तो देखो, तुम सुकून बनकर आती हो।
शबनम की एक बूँद जैसे,
छूने से पहले ही ढल जाती हो।।
ठहरी हुई-सी धड़कन में मैंने,
बस बीता वक्त ही पाया।
स्मृतियों के मंच पर जैसे,
कभी नाट्य-पर्दा न गिर पाया।।

- रोशन साहू ''मोखला'' (राजनांदगांव)

राशिफल

मेष
आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। घर में नजदीकी संबंधियों का आगमन होगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद अवश्य लें और उनका मान-सम्मान व आदर करें। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारीयों से मेल जोल बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं पर खर्च करने से बचे।

वृष राशि
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य में फायदेमंद साबित होगी। आज काम जिस तरह चल रहे हैं, अभी उनमें किसी तरह का भी बदलाव लाने की कोशिश ना करें। अगर व्यवसाय में कोई नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है। आज आपके सम्पत्ति को लेकर चल रहे मामले में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे।

मिथुन
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी मित्र से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज नकारात्मक सोच से बचने की कोशिश करें। बेहतर होगा ज्ञानवर्धक और उत्तम साहित्य पढ़ने में अपना समय लगाएं। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा।

कर्क
आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे नई ऊर्जा और स्फूर्ति महसूस करेंगे। कोई खास कार्य सिद्धि भी संभव है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आप किसी जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे जहां आपकी मुलाकात किसी परिचित से होगी। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी।

सिंह
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। आज आपका परिवार जनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी खेल-कूद से जुड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकतें हैं , जिसमें आप अच्छा प्रदर्शन करेंगें।

कन्या
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए। अपने अहम् पर काबू करके परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे, तो आपको आसानी से हल मिल जायेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज किसी से अनबन की स्थिति में अपने गुस्से पर काबू रखें। आज लंबी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें। आज किसी काम में जल्दबाजी और गुस्सा नहीं करेंगे तो आपका काम आसानी से हो जायेगा। आज आपको ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। कोई भी छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, आज रुके हुए पैसे की वापसी भी हो सकती है।

धनु
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए बहुत ही लाभदायक रहेगा। आज कोई सुखद समाचार मिलने से भावनात्मक रूप से आप अपने आपको बढ़िया महसूस करेंगे। आज कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर बिताएंगे।

मकर
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आपके मन में किसी प्रकार का डर रहेगा लेकिन डरने की बात नहीं है यह आपकी ओवर थिन्किंग के कारण हो सकता है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा। आज अपने मनोबल को मजबूत बनाने के लिए मेडिटेशन का सहारा लेंगे।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा। शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे। ऑफिस में कुछ राजनीति जैसा माहौल रह सकता है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा। लवमेट के साथ घूमने का भी प्रोग्राम बनेगा। आज आपके व्यवहार में पॉजिटिव बदलाव आयेगा, इससे घरवाले आपसे प्रसन्न रहेंगे। आज खेती-किसानी में कार्यरत व्यक्ति फसल की अच्छी पैदावार को लेकर अपने कार्यों में बदलाव कर सकते हैं।

मीन
आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक और व्यावसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं।

महात्मा गांधी- शास्त्री के विचारों से गूंजा राज्यस्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का मंच

खैरागढ़ (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में भव्य राज्यस्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय आयोजन में नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) जिले के दोनों विकासखंडों से 210 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्काउटर एवं गाइडर ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिले की यह अनुकरणीय सहभागिता जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह के कुशल नेतृत्व तथा जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त उपेंद्र कुमार देवांगन, खैरागढ़ बीईओ व पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड नीलम राजपूत एवं छुईखदान बीईओ व पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट प्रशांत चिर्तवकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह के नेतृत्व में एकता, सद्भाव और सेवा का दिया संदेश

सर्वधर्म प्रार्थना से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रांतीय अध्यक्ष गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद व प्रांतीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा तथा राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच से विभिन्न धर्मों की पावन प्रार्थनाओं के जरिए देश की अखंडता, सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और 'सर्वधर्म समभाव' का प्रेरक संदेश दिया गया।

गांधी-शास्त्री के विचार आज भी प्रासंगिक- भागवत शरण सिंह

समारोह को संबोधित करते हुए जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रकाश स्तंभ है। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और निस्वार्थ सेवा का मार्ग दिखाया, तो वहीं शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और कठोर अनुशासन की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग का मूल मंत्र ही चरित्र निर्माण, सेवा और राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने युवाओं से दोनों महापुरुषों के सिद्धांतों को अपने आचरण में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह के साथ प्राचार्य कमलेश्वर सिंह, बीआरसी दुष्यंत शर्मा, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा, जिला संगठन आयुक्त गाइड सरस्वती बांते, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट विशाल ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड शकुंतला ठाकुर, ब्लॉक सचिव पौर्णिमा नेताम, सुनील गुनी, नीलू सिंह, द्वारिका प्रसाद जंघेल, कुशाल सिंह धुर्वे, शैलेन्द्र मानिकपुरी, राकेश कौशल, अश्वनी धुर्वे, मिथलेश पटेल, रुकम साहू, जयंत वर्मा, आशीष पटेल, शरद नेताम, अमर दास चेलक सहित बड़ी संख्या में सीनियर रोवर, रेंजर और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सफल सहभागिता पर जिला मुख्य आयुक्त ने दल के सभी सदस्यों को बधाई दी।

नवरात्रि मेले से पहले डोंगरगढ़ बस स्टैंड की बदहाली पर फूटा गुस्सा : विष्णु लोधी ने सरकार व प्रशासन को घेरा

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी डोंगरगढ़ में शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन हेतु देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। शासन-प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन नगर के एकमात्र प्रमुख बस स्टैंड की बदहाली इन दावों की पोल खोल रही है। जिम्मेदारों की उपेक्षा के चलते बस स्टैंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

परिसर में गहरे गड्ढे, भवन जर्जर और हैंडपंप खराब

डोंगरगढ़ बस स्टैंड की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक और दयनीय बनी हुई है। जहां बसें खड़ी होती हैं, उस पूरे परिसर का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है और जगह-जगह बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं, जिससे यात्रियों व बस चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूरा परिसर गंदगी और कचरे के ढेरों से अटा पड़ा है तथा सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बस स्टैंड का मुख्य भवन भी जर्जर हालत में पहुंच चुका है, जिसकी लंबे समय से आवश्यक मरम्मत और रंग-रोगन तक नहीं कराया गया है। यात्रियों के लिए न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था है और न ही स्वच्छ पेयजल का इंतजाम; परिसर का हैंडपंप भी महीनों से खराब पड़ा हुआ है।

'क्या यही है धर्मनगरी की तस्वीर?' : विष्णु लोधी

जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के सचिव विष्णु लोधी ने बस स्टैंड की दुर्दशा पर कड़ा रोष जताते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार डोंगरगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन और आस्था के बड़े केंद्र के रूप में प्रचारित करती है, लेकिन बाहर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत यदि धूल, उखड़ी सड़कों, जर्जर भवन और गंदगी से होगा, तो देश-दुनिया में डोंगरगढ़ की क्या छवि बनेगी?

प्रवेश द्वार ही उपेक्षित, कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

विष्णु लोधी ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान केवल उसके मंदिरों या पर्यटन स्थलों से नहीं, बल्कि उसकी सुगम सड़कों, व्यवस्थित बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के स्तर से तय होती है। बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए बस स्टैंड शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है। नवरात्रि जैसे महाआयोजन से ऐन पहले बस स्टैंड की ऐसी बदहाली शासन-प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली और घोर लापरवाही को उजागर करती है। उन्होंने मेले से पूर्व बस स्टैंड परिसर में गड्ढों की मरम्मत, समुचित रोशनी, पेयजल और चौबीसों घंटे सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

पहला कॉलम...

रातापायली में आंगन मिलन सेवा चौपाल का हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 1 अगस्त को डोंगरगांव परियोजना के सेक्टर अर्जुनी के ग्राम पंचायत रातापायली में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2, 3, 4 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय वैष्णव महामंत्री, दीपकबाई पटेल जनपद सदस्य, उषा साहू सरपंच, उपसरपंच लखन लाल साहू उपस्थित रहे. साथ ही हमीरचंद साहू एवं भानया सोनी व रूपलाल, डोमन पटेल, कालूराम साहू, गीतम साहू, भानु सोनी, ठाकुरराम साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। चौपाल में राज्य एवं केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं का सम्मान किया गया। मातृ संवाद किया गया। हर घर मुनगा अभियान हेतु प्रेरित किया गया। न्योता भोज एवं टॉफी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान रंगोली के माध्यम से सेवा संकल्प का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक लक्ष्मी सोनकर, महतारी वंदन योजना से प्रतिमा साहू, जयेश्वरी साहू, शैल कुमारी, राजकुमारी अनुसुइया, चित्ररेखा, चंद्रिका सहित गर्भवती माताएं, शिशुवती माताएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शासकीय स्कूलों के स्काउट/गाइड्स सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हुए शामिल

डोंगरगांव (दावा)। नगर के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट/गाइड्स ने राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन इंडोर स्टेडियम रायपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज की। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भारत स्काउट/गाइड्स रायपुर के द्वारा राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन इंडोर स्टेडियम रायपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति का संदेश देते हुए समस्त स्काउट गाइड्स नशामुक्ति को शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड डोंगरगांव के विभिन्न विद्यालय जिसमें शासकीय उ.मा.शा. डोंगरगांव, मोहड़, खुज्जी, जंगलपुर एवं किसान हायर सेकेण्डरी स्कूल अर्जुनी के 51 स्काउट/गाइड्स के साथ प्रभारी शिक्षक सुरेश साहू, भूपेश यदु, राखी रामटेके, लोकेश्वरी भंडारी, पूजा शर्मा एवं विकासखंड सचिव टोमन पटेल उपस्थित रहे।

डोंगरगढ़ में अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश : 6 दोपहिया वाहन बरामद, चोर सहित 3 खरीददार गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए मोटरसाइकिल चोरी करने वाले मुख्य आरोपी सहित चोरी के दोपहिया वाहन खरीदने वाले तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 6 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। शातिर चोर ट्रेनों व सार्वजनिक स्थलों से लगातार गाड़ियां पार कर उन्हें औने-पौने दामों में बेच देता था।

सस्ती कीमत पर बेचता था चोरी की गाड़ियां

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी (प्रशिक्षु डीएसपी) सुमन जायसवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी गिरवर यादव लगातार मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी कर उन्हें महज 1,500, 1,800 और 5,000 रुपये में राहगीरों व परिचितों को बेच रहा था। पुलिस ने मुख्य चोर के साथ-साथ बिना दस्तावेज और रसीद के चोरी की गाड़ियां खरीदने वाले तीन खरीददारों को भी गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत कानूनी शिकंजा कसा है। गिरफ्तार आरोपियों में गिरवर यादव उर्फ गोलू (उम्र 26 वर्ष, पिता राजाराम यादव, निवासी बजरंगपुर नवागांव, ओपी चिखली, राजनांदगांव), अजय यादव (उम्र 38 वर्ष, पिता संतोष यादव, निवासी एक बत्ती पांच रास्ता, गौरा चौक, डोंगरगढ़), वासु मंडावी (उम्र 20 वर्ष, पिता बहुर सिंह मंडावी, निवासी एक बत्ती पांच रास्ता, गौरा चौक, डोंगरगढ़) एवं आकाश यादव (उम्र 25 वर्ष, पिता शंकर यादव, निवासी बुधवारापारा, वार्ड नं. 14, डोंगरगढ़) दोनों खरीददार है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हरीहर महतो (निवासी आर.ई. 3 रेलवे कॉलोनी) ने 29 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 सितंबर की सुबह उन्होंने अपनी एक्टिवा (क्रमांक एमएच 49 एएक्स 2090) रेलवे स्टेशन स्टाफ पार्किंग में खड़ी की थी, जो रात को गायब मिली। रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त एक्टिवा एक बत्ती पांच रास्ता निवासी अजय यादव के पास है। पुलिस ने दबिश देकर अजय यादव को पकड़ा, जिसने पूछताछ में बताया कि उसने यह स्कूटी गिरवर उर्फ गोलू यादव से महज 1,500 रुपये में खरीदी थी।

कड़ाई से पूछताछ में खुलती गई कड़ियां

अजय के मेमोरेंडम बयान पर पुलिस ने छिरपानी के पास घेराबंदी कर मुख्य आरोपी गिरवर यादव को दबोचा। पूछताछ में उसने रेलवे स्टेशन पर छिपाकर रखी गई एक स्प्लेंडर बाइक (सीजी 08 एफ 0378) बरामद कराई। गिरवर ने कबूला कि उसने 28, 29 और 30 सितंबर को लगातार कई गाड़ियां चुराईं। उसकी निशानदेही पर आरोपी वासु मंडावी से 5 हजार में खरीदी गई एचएफ डीलक्स (कीमत 30 हजार) तथा आकाश यादव से 1,800 रुपये में खरीदी गई पैशन प्रो (कीमत 20 हजार) बरामद की गई। इसके अतिरिक्त पुलिस रिमांड के दौरान गिरवर से अन्य अपराधों से संबंधित दो और मोटरसाइकिलें (कीमत 65 हजार रुपये) जब्त की गईं।

गांधी-शास्त्री जयंती पर घुमका में गूंजा सेवा का संदेश : अस्पताल में बांटे फल, प्रमुख स्थलों पर चला स्वच्छता अभियान

घुमका (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत घुमका में विविध सेवा कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। दिन की शुरुआत दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने गांधी जी व शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन, सत्य, अहिंसा और राष्ट्र के प्रति उनके अतुलनीय सेवा भाव को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। महापुरुषों के 'सेवा ही परम धर्म' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। जनप्रतिनिधियों ने मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

० महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किए गए उनके आदर्श

० अध्यक्ष फूलमती वर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व स्वच्छता दीदियों ने झाड़ू थामकर दिया स्वच्छता का संदेश

बापू के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलमती जयकुमार वर्मा के नेतृत्व में नगर में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों ने स्वयं झाड़ू थामकर कचरा उठाया और आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह सफाई अभियान नगर के गांधी चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, महाराणा प्रताप चौक, नगर पंचायत कार्यालय परिसर एवं बस स्टैंड क्षेत्र में व्यापक स्तर पर संचालित किया गया। अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती जयकुमार वर्मा के साथ पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, वार्ड पार्षद इंदिरा वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पप्पू वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदियों, नगर पंचायत कर्मचारियों एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जनप्रतिनिधियों ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों व आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखकर महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें।

सड़क पर लावारिस खड़ी स्कूटी से टकराते ही टाटा की इलेक्ट्रिक कार में लगी भीषण आग, दोनों वाहन जलकर खाक

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़-मुरमुंदा मुख्य मार्ग पर शनिवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पिपरिया चौक के पास मुख्य मार्ग पर लावारिस हालत में खड़ी एक स्कूटी से टाटा कंपनी की इलेक्ट्रिक कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही कार में जोरदार स्पार्किंग हुई और देखते ही देखते कार व स्कूटी दोनों धू-धू कर जल उठे। गनीमत रही कि आग की लपटें विकराल होने से पहले ही कार में सवार चारों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान टल गया।

मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने आ रहा था गोंदिया का परिवार, दमकल व पुलिस की मदद से बुझाई गई आग

दर्शन के लिए आ रहा था परिवार, सुबह 3 बजे हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त इलेक्ट्रिक कार गोंदिया (महाराष्ट्र) निवासी सागर राने की है। वे अपने परिवार के साथ राजनांदगांव से डोंगरगढ़ आ रहे थे। परिवार की योजना डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी देवी के पावन दर्शन करने के पश्चात वापस गोंदिया लौटने की थी। इसी दौरान सुबह लगभग 3 बजे पिपरिया चौक के समीप सड़क पर लावारिस अवस्था में खड़ी स्कूटी से कार टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि शॉर्ट सर्किट और स्पार्किंग के चलते कार और स्कूटी में आग भड़क उठी। देर रात हुई इस घटना की सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आनन-फानन में अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) वाहन को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

लावारिस स्कूटी मालिक की तलाश में जुटी पुलिस

शनिवार सुबह 8:30 बजे तक सड़क पर लावारिस स्कूटी छोड़ने वाले मालिक का कोई पता नहीं चल सका था। कार चालक सागर राने द्वारा घटना के संबंध में पुलिस को विधिवत लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। पुलिस ने आवेदन दर्ज कर दुर्घटना के कारणों और बीच सड़क पर स्कूटी खड़ी कर फरार होने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश व मामले की विस्तृत विवेचना शुरू कर दी है।

वीबी रामजी योजना में मशीन का उपयोग : बोरतलाव सरपंच के खिलाफ बैठी जांच, धारा 40 के तहत हो सकती है बर्खास्तगी

० बालिका शौचालय निर्माण में जेसीबी चलाने पर जनपद सीईओ ने गठित की 3 सदस्यीय जांच टीम

० उप अभियंता गरिमा चौहान, एडीओ कमलेश देवांगन व तकनीकी सहायक प्रवीण गढ़पायले 3 दिन में देंगे रिपोर्ट

० तालाब गहरीकरण में भी मशीन चलाने पर शून्य हुआ था मस्टररोल, मजदूरों के भुगतान पर लगी थी रोक

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरतलाव में मजदूरों के हक पर डाका डालते हुए निर्माण कार्यों में मशीनों का धड़ल्ले से उपयोग करने का गंभीर मामला सामने आया है।

मीडिया में उजागर हुई खबरों और तकनीकी सहायक के प्रारंभिक प्रतिवेदन को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ भगवती साहू ने मामले की त्रिस्तरीय विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जांच हेतु तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें उप अभियंता गरिमा चौहान, अतिरिक्त विकास विस्तार अधिकारी कमलेश देवांगन एवं तकनीकी सहायक प्रवीण गढ़पायले को शामिल किया गया है। जांच दल को 3 दिवस के भीतर मौके पर जाकर जांच पूरी कर स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्राथमिक शाला में बालिका शौचालय निर्माण में चली जेसीबी

जनपद सीईओ भगवती साहू द्वारा जारी जांच आदेश के अनुसार, 'विकसित भारत गारंटी फॉर आजीविका मिशन ग्रामीण' (वीबी रामजी योजना) के तहत ग्राम पंचायत बोरतलाव के आश्रित ग्राम रामजीटोला स्थित प्राथमिक शाला में बालिका शौचालय निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इस कार्य में कार्य एजेंसी (ग्राम पंचायत) द्वारा मानव श्रम के स्थान पर जेसीबी मशीन से खुदाई व कार्य कराए जाने की शिकायत मिली थी। पूर्व में भी तकनीकी सहायक द्वारा कार्यक्रम अधिकारी को इस संबंध में प्रतिवेदन सौंपकर कार्य एजेंसी को मशीन का उपयोग तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्देशों की अनदेखी की गई। इस आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव, एसडीएम डोंगरगढ़ तथा संबंधित सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक को आवश्यक कार्रवाई व उपस्थिति हेतु प्रेषित की गई है।

पूर्व में तालाब गहरीकरण में भी मशीन चलाने पर अटका था भुगतान

उल्लेखनीय है कि बोरतलाव पंचायत में मशीन के उपयोग का यह कोई पहला मामला नहीं है। वर्ष 2025 में भी बोरतलाव स्थित तालाब गहरीकरण कार्य में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई थी। तत्कालीन शिकायत की जांच में मामला सही पाए जाने पर प्रशासन ने मस्टररोल में दर्ज मजदूरों की फर्जी हाजिरी को शून्य घोषित कर दिया था, जिसके चलते मजदूरों को लाखों रुपये के भुगतान से वंचित होना पड़ा था और पंचायत की भारी किरकिरी हुई थी। योजना के प्रावधानों और धारा 16(1) के तहत योजनांतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों में जेसीबी, ट्रैक्टर अथवा पोकलेन जैसी भारी मशीनों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। सभी कार्य केवल पंजीकृत श्रमिकों (मानव श्रम) द्वारा ही कराए जाने अनिवार्य हैं। नियमों के उल्लंघन पर मशीन से कराए गए संपूर्ण कार्य की राशि की वसूली सीधे कार्य एजेंसी यानी संबंधित सरपंच एवं सचिव से की जाएगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत शासकीय नियमों की अवहेलना और वित्तीय अनियमितता प्रमाणित होने पर जिला कलेक्टर को संबंधित सरपंच को पद से बर्खास्त (पृथक) करने का स्पष्ट वैधानिक अधिकार है। ऐसे में जांच रिपोर्ट आने के बाद सरपंच पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने किया नमन

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के निर्देशानुसार महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव द्वारा श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और जनसेवा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया गया. उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वहीं जयंती कार्यक्रम के पश्चात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष टिकेश साहू सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्मार्ट मीटर लगाए जाने, बिजली बिल से जुड़ी समस्याओं एवं बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण: फाइनल में मलयेशिया को हराया, ओलंपिक टिकट भी हुआ पक्का

नागोया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मलयेशिया को 5-1 से हराकर एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने इसके साथ 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी टिकट पक्का कर लिया है। एशियाड में पहली बार हुआ है जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाड में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया है।

पहले क्वार्टर में दिखी कड़ी टक्कर

भारत ने पहले क्वार्टर से ही मलयेशिया पर बढ़त बनाने की कोशिश की। भारत ने शुरुआती मिनटों में थोड़ा डिफेंसिव होकर खेलने की रणनीति अपनाई, लेकिन इसके बाद जोरदार प्रहार करने शुरू किए। भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन टीम बढ़त हासिल करने से चूक गई। इसके चंद मिनट बाद एक बार फिर मलयेशिया ने भारत को पेनाल्टी कॉर्नर का मौका दिया और 11वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसे गोल में बदला। इसके तीन बाद ही मलयेशिया ने बराबरी का गोल दागा। मलयेशिया के लिए शेलो सिलवेरियस ने मैदानी गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

हाफ टाइम तक भारत ने ली बढ़त

दूसरे क्वार्टर में जुगराज सिंह ने भारत को पेनल्ट कॉर्नर पर गोल कर बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में मलयेशिया की रणनीति बदली हुई नजर आई और उसने आक्रामक रवैया अपनाया। लेकिन भारत को सही वक्त पर पेनल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज ने 23वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में जरा भी देर नहीं की। भारत ने फिर हाफ टाइम तक इस बढ़त को बनाए रखा। मलयेशिया ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन भारत ने उसे सफलता हासिल नहीं करने दी।

तीन बार गंवाए मौके, हार्दिक ने दिलाई सफलता

भारत के पास तीसरे क्वार्टर में गोल करने के कई मौके आए, लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हुई। पहले पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज से गोल मिस हुआ और इसके बाद नीलकांत मैदानी गोल करने से चूक गए। फिर भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। लेकिन हरमनप्रीत गोल नहीं कर सके।

भारत ने हालांकि, रेफरी से अपील की क्योंकि उन्हें लग रहा था कि पेनल्टी कॉर्नर पर शॉट मारते वक्त मलयेशियाई खिलाड़ी के स्टिक से गेंद लगी है, लेकिन रिप्ले में दिखा कि गेंद नहीं लगी थी। इसके बाद भारत को एक और पेनल्टी मिली और हरमनप्रीत ने फिर शॉट लगाया। लेकिन मलयेशियाई खिलाड़ी से डिफ्लेट होकर गेंद गई जिस पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। 42वें मिनट में हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 3-1 कर दिया।

चौथे क्वार्टर में दागे दनादन दो गोल

चौथे क्वार्टर में भारत की नजरें बढ़त को मजबूत करने पर थी। मलयेशिया से कुछ चूक हुई जिसका फायदा भारत ने बखूबी उठाया। भारत को चौथे क्वार्टर में लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले। मलयेशिया ने डिफेंस में दमदार प्रदर्शन किया। लेकिन 54वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा ने मैदानी गोल कर स्कोर 4-1 कर दिया। इसके बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत ने 57वें मिनट में इसे गोल में बदलकर भारत की बढ़त को मजबूत कर दिया। चौथे क्वार्टर की शुरुआत में मलयेशिया वापसी के इरादे से उतरा, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों दनादन दो गोल करके उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

अमन सहरावत का ऐतिहासिक दांव: विश्व चैंपियन पहलवान को हराकर जीता गोल्ड

आइची नागोया। भारत के अमन सहरावत ने एशियन गेम्स 2026 में पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अमन ने नागोया सिटी इनाए स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन उत्तर कोरिया के हान चोंग सोंग को 11-7 से हराया। यह पुरुष 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में एशियन गेम्स का भारत का पहला स्वर्ण पदक है।

6-1 की बढ़त गंवाई, फिर भी नहीं मानी हार

फाइनल में अमन ने शानदार शुरुआत की और मुकाबले के दूसरे हाफ में 6-1 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, मौजूदा विश्व चैंपियन ने जबरदस्त वापसी करते हुए तीन बार दो-दो अंक जुटाए और स्कोर 7-6 कर दिया। मुकाबले के आखिरी क्षणों में अमन ने अपना संयम बनाए रखा। उन्होंने टेकडाउन से दो अंक जुटाए और फिर रोल के जरिए दो और अंक हासिल कर लिए। इससे भारतीय पहलवान 10-7 से आगे हो गए। उत्तर कोरियाई पहलवान ने इन अंकों को चुनौती दी, लेकिन उसकी चुनौती खारिज हो गई और उसे एक अंक का नुकसान हुआ। इससे अमन की बढ़त 11-7 हो गई। इसके बाद उन्होंने आखिरी 30 सेकंड शानदार तरीके से बचाव किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

सेमीफाइनल में भी किया था कमाल

अमन ने फाइनल तक का सफर भी शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने दिन की शुरुआत जापान के यामातो ओगावा के खिलाफ 20-9 की तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत से की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के नूरदानत ऐतानोव को 12-1 से हराया। सेमीफाइनल में उनका सामना ताजिकिस्तान के ऐआल बेलोल्युब्स्की से हुआ। अमन शुरुआती दौर के बाद 2-6 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने दूसरे दौर में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने 12 अंक जुटाए और केवल दो अंक गंवाए। इस तरह अमन ने 14-8 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

ओलंपिक कांस्य को अब गोल्ड में बदला

अमन पहले से ही ओलंपिक पदक विजेता हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा उन्होंने 2023 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था। अब अमन ने अपने एशियन गेम्स पदक का रंग बदलते हुए स्वर्ण जीत लिया है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में नेमसिंह का चयन, चेंदरीबन नवागांव में हर्ष की लहर

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला चेंदरीबन नवागांव के प्रतिभावान छात्र नेमसिंह का चयन प्रतिष्ठित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर के लिए हुआ है। नेमसिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल है।

शिक्षकों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से छात्र ने पाई सफलता, ग्रामवासियों ने दी शुभकामनाएं

नेमसिंह ने विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन, अपनी लगन, निरंतर अध्ययन और कड़े परिश्रम के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति, शिक्षकों और ग्रामीणों ने बधाई प्रेषित की है। नेमसिंह की सफलता पर संकुल प्राचार्य पी.आर. सुधाकर, संकुल समन्वयक प्रकाश जोशी, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक कोमलचंद आर्य, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक चन्द्रभूषण साहू, शिक्षक अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, चैनसिंह साहू, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, शिक्षिका गोमती पटेल, रेखा धगेश, कविता ठाकुर, नामिका साहू, संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण साहू, नवागांव सरपंच ईश्वर ठाकुर, अभिभावकों तथा ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

कुमरदा स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

डोंगरगांव (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल कुमरदा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी बसंत कुमार यादव के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रम स्वच्छता शपथ, स्वच्छता कार्यक्रम तथा महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्रों ने हाथ में झाड़ू, फावड़ा, डस्टबिन लिए गांव की सार्वजनिक स्थल, खेल मैदान, बाजार स्थल, अस्पताल परिसर, पंचायत भवन चौराहा, बस स्टैंड तथा गांव की गलियों में स्वच्छता तथा प्लास्टिक उन्मूलन के नारे लगाते स्वच्छता कार्य कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात छात्रों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पूजन कर बापू की संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा ग्राम स्वराज स्वालंबन, स्वदेशी अपनाने तथा स्वच्छ भारत के निर्माण में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

स्वच्छ भारत मिशन से कुमारी बाई के परिवार को मिला स्वच्छता, सम्मान और सुरक्षा का उपहार

राजनांदगांव(दावा)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यक्तिगत शौचालय निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। शासन की इस पहल से छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत लक्ष्मणभरदा के विभिन्न परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। स्वच्छता के प्रति जागरूकता और शौचालय की सुविधा ने परिवारों को खुले में शौच की समस्या से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ महिलाओं को सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान की है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्राम पंचायत लक्ष्मणभरदा में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पात्र परिवारों की प्रक्रिया शुरू की गई। पंचायत स्तर पर प्रस्तावित हितग्राहियों का सत्यापन कराया गया तथा ग्रामसभा से अनुमोदन प्राप्त किया गया। नवीन पात्र परिवार पाए जाने पर पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम लक्ष्मणभरदा की श्रीमती कुमारी बाई का भी व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए चयन किया गया और व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कार्य के लिए 12 हजार रूपए की स्वीकृत किया गया।

शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ ही परिवार को शौचालय के नियमित उपयोग एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। घर में व्यक्तिगत शौचालय बनने के बाद परिवार के दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आया। अब परिवार के सदस्यों को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। विशेष रूप से महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा का अनुभव हुआ है। बच्चों में दस्त एवं अन्य बीमारियों की स्थिति में भी कमी आई है। घर के आसपास स्वच्छ वातावरण बनने से परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। श्रीमती कुमारी बाई बताया कि घर में शौचालय होने से परिवार को बहुत सुविधा मिली है। अब खुले में शौच जाने की लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। परिवार में आए इस बदलाव का प्रभाव अन्य परिवारों पर भी पड़ा है।

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में आईक्यूएसी की बैठक संपन्न : गुणवत्ता संवर्धन व शैक्षणिक गतिविधियों पर हुआ मंथन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, परीकला (राजनांदगांव) में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक सुश्री देविका देवांगन द्वारा किया गया। बैठक में संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता, विकास कार्यों एवं आगामी सत्र की प्रमुख गतिविधियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

वार्षिक खेलकूद, वार्षिकोत्सव व आगामी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर बनी रणनीति

बैठक के दौरान महाविद्यालय के आगामी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं वार्षिक उत्सव को भव्य व सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आगामी परीक्षाओं की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं अनुशासित बनाए रखने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर विशेष बल दिया गया। इसके तहत वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन प्रतिवेदन की समयबद्ध तैयारी तथा सभी विभागों द्वारा आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं, सेमिनारों एवं विशेष प्रशिक्षण सत्रों के आयोजन पर सहमति बनी। साथ ही परिसर में स्वच्छता, अनुशासन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने महाविद्यालय के समग्र विकास व गुणवत्ता उन्नयन के लिए सभी प्राध्यापकों एवं सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की तथा उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया।

बघेरा सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन : डीएमएफ मद से शेड निर्माण का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत बघेरा में लावारिस पशुओं की मृत्यु को लेकर सामने आए आरोपों के बीच ग्राम पंचायत की सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपकर ग्राम पंचायत की ओर से वास्तविक स्थिति स्पष्ट की। सरपंच ने प्रतिवेदन में कहा है कि पशुओं की मृत्यु को केवल भूख-प्यास, चारा-पानी के अभाव अथवा देखरेख में लापरवाही का परिणाम बताना वस्तुस्थिति का सही चित्रण नहीं है। पंचायत एवं ग्राम विकास समिति द्वारा पशुओं की देखरेख, चारा-पानी, चराई और उपचार की व्यवस्था की गई थी। सरपंच के अनुसार किसानों की खड़ी फसल को लावारिस पशुओं से होने वाले नुकसान से बचाने तथा पशुओं को सड़क और खेतों में भटकने से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों ने पशुओं को एक स्थान पर रखने की व्यवस्था की थी। इस व्यवस्था के लिए ग्रामवासियों से प्रति परिवार प्रतिवर्ष 200 रुपये सहयोग राशि एकत्रित की जाती थी। वहीं पशुओं को चराने और उनकी देखरेख के लिए 15 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि पर चरवाहे की व्यवस्था भी की गई थी। सरपंच ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि संबंधित स्थान पर लगभग 52 लावारिस पशु रखे गए थे। इनमें से कुछ पशुओं की मृत्यु हुई, जबकि शेष पशु जीवित और सुरक्षित हैं। उनका कहना है कि यदि पशुओं को नियमित रूप से चारा-पानी नहीं दिया जाता अथवा उनकी देखरेख नहीं की जाती तो सभी पशु प्रभावित होते। इसलिए पशुओं की मौत को सीधे भूख-प्यास से जोड़ना उचित नहीं है।

लगातार बारिश और ठंड से बिगड़ी पशुओं की तबीयत

सरपंच ने बताया कि 24 एवं 25 सितंबर को अत्यधिक एवं लगातार बारिश हुई। देर रात तक बारिश जारी रहने के कारण कुछ पशु लगातार भीगने और ठंड की चपेट में आने से अस्वस्थ हो गए। उनकी स्थिति बिगड़ने के बाद उपचार कराने का प्रयास किया गया और पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। सरपंच ने स्पष्ट किया कि बीमार पशुओं को उपचार के बिना छोड़ दिए जाने की बात सही नहीं है।

पशु संरक्षण के साथ किसानों के हित का भी रखा ध्यान

सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख ने कहा कि ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति द्वारा लावारिस पशुओं को सुरक्षित रखने की व्यवस्था किसी निजी स्वार्थ से नहीं, बल्कि पशु संरक्षण और किसानों के हित को ध्यान में रखकर की गई थी। खेतों में खड़ी धान की फसल को लावारिस पशुओं से बचाने के साथ पशुओं को सड़क दुर्घटना और अन्य जोखिमों से सुरक्षित रखने का भी प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि लावारिस पशु किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं हैं। बल्कि पूरे समाज और गांव की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध संसाधनों के अनुसार उनकी देखभाल की व्यवस्था की गई है। कुछ पशुओं की मृत्यु अत्यधिक बारिश, ठंड और अस्वस्थता के कारण होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसका पंचायत एवं ग्रामवासियों को भी दुख है।

डीएमएफ मद से शेड निर्माण का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

जनदर्शन के दौरान सरपंच ने पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए स्थायी व्यवस्था की आवश्यकता भी कलेक्टर के समक्ष रखी। इस पर कलेक्टर ने डीएमएफ मद से पशुओं के लिए शेड निर्माण कराने का आश्वासन दिया। शेड बनने से बारिश, ठंड और अन्य प्रतिकूल मौसम में लावारिस पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा तथा उनकी देखरेख और संरक्षण की व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। सरपंच ने कलेक्टर के समक्ष कहा कि ग्राम पंचायत आगे भी पशुओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को राजनीतिक या व्यक्तिगत विवाद का विषय बनाने के बजाय प्रशासन, पंचायत और ग्रामवासियों को मिलकर पशुहित में स्थायी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। ग्राम पंचायत बघेरा की ओर से कलेक्टर को सौंपे गए प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था, चरवाहे की नियुक्ति और बीमार पशुओं के उपचार का प्रयास किया गया था।

चुनाव आयोग का स्पष्टीकरणः इलेक्शन....

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख ही ऐसे क्षेत्र बचे हैं, जो एसआईआर से अछूते हैं. चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर का मकसद, वोटर लिस्ट में पात्र मतदाताओं को बनाए रखना और अपात्र नामों को हटाना है. वहीं, विपक्षी पार्टियों और आलोचकों का कहना है कि इससे वैध मतदाताओं के मतदान से वंचित होने का खतरा पैदा होता है. विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर एसआईआर के जरिए बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिसे चुनाव आयोग और बीजेपी दोनों ने खारिज किया है. कांग्रेस कार्यसमिति ने 29 सितंबर को एक प्रस्ताव पास किया जिसमें लिखा था कि एसआईआर के कारण अब तक 13 करोड़ 30 लाख भारतीयों के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए गए हैं. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के बाद प्रकाशित हुई ड्राफ्ट वोटर लिस्टों में पहले के मुकाबले करीब 13 करोड़ नाम कम थे.

0 विरोध बढ़ने के बाद बदले गए नियमः लंबे समय तक एसआईआर और इसका विरोध साथ-साथ चलते रहे. लेकिन इस मामले में एक बड़ा मोड़ 23 सितंबर, 2026 को आया, जब इंडियन एक्सप्रेस अखबार ने पहले पेज पर एक खोजी रिपोर्ट छापी. इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि दो चुनाव आयुक्तों- विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने 10 महीनों में 14 बार चुनाव आयोग द्वारा लिए गए फैसलों पर आपत्ति दर्ज करवाई थी. इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद बड़े पैमाने पर चुनाव आयोग खासतौर पर सीईसी ज्ञानेश कुमार का विरोध शुरू हो गया. हालांकि, चुनाव आयोग ने इन आरोपों को नकारा और कहा कि किसी भी संस्था में विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग विचार और टिप्पणियां आना एक सामान्य बात है. आयोग ने ये भी दावा किया कि सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे. तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में बहुमत के आधार पर फैसले लेने का ही नियम है. रिपोर्ट सामने आने के बाद शनिवार, 26 सितंबर को चुनाव आयुक्तों की बैठक हुई जिसमें कई फैसले लिए गए. जैसे-नोटिस पाने वाले लोगों को सुनवाई के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, बहुत जरूरत होने पर ऑनलाइन सुनवाई की जाएगी. जमीनी स्तर पर काम कर रहे अधिकारियों को उनकी भूमिका के आधार पर ईसीआईनेट सिस्टम का इस्तेमाल करने की अनुमति मिलेगी. इस बैठक में दिल्ली और महाराष्ट्र में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर दावे और आपत्ति दर्ज करवाने की समयसीमा बढ़ा दी गई. यह फैसला भी लिया गया कि आयोग की सभी बैठकों के लिए एजेंडा पहले ही साझा कर दिया जाएगा और बाद में मीटिंग की मिनट्स भी जारी की जाएंगी.

तिरुपति में बड़ा हादसा, दवा फैक्ट्री में....

अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, आपातकालीन सेवाएं और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मोर्चा संभालते हुए परिसर को सुरक्षित किया और आग पर काबू पाने के साथ अंदर फंसे अन्य कर्मचारियों की मदद की। एसईजेड के अधिकारियों के मुताबिक, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बॉयलर में यह विस्फोट किस वजह से हुआ। प्रशासन अब तकनीकी खराबी, सुरक्षा प्रणाली की विफलता या संचालन में हुई किसी भी तरह की चूक जैसे तमाम संभावित पहलुओं की गहराई से जांच कर रहा है। इस दर्दनाक हादसे पर आंध्र प्रदेश के शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से घटना को बेहद दुखद बताया और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।टीचिंग सामग्री लें मंत्री ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज तुरंत सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही राज्य सरकार की ओर से यह भरोसा दिलाया गया है कि इस आपदा से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

शिवाजी पार्क में सीजेपी के 2 अक्टूबर....

आयोजकों पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने

प्रथम पृष्ठ का शेष....

भारतीय न्याय संहिता और स्थानीय पुलिस अधिनियम की बेहद सख्त धाराओं का सहारा लिया है।देसी उत्पाद खोजें दर्ज एफआईआर के अनुसार, इस मामले में BNS की धारा 189 और 223 के साथ-साथ महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37(1)(3)/135 को शामिल किया गया है। ये धाराएं मुख्य रूप से लोक सेवकों के आदेशों की अवहेलना करने, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और बिना अनुमति या तय शर्तों के विपरीत भीड़ जुटाने के मामलों में लगाई जाती हैं।

0 आयोजकों के साथ 500 अज्ञात लोगों पर भी शिकंजाः इस कार्रवाई के दायरे में केवल कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ही नहीं आए हैं, बल्कि पुलिस ने लगभग 400 से 500 अज्ञात सीजेपी समर्थकों और प्रदर्शनकारियों को भी आरोपी बनाया है। पुलिस अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के अनधिकृत प्रदर्शनों से आम जनजीवन और सुरक्षा पर असर पड़ता है। वर्तमान में पुलिस प्रशासन उस दिन के वीडियो फुटेज, सीसीटीवी रिकॉर्डिंग और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की मदद से प्रदर्शनकारियों की शिनाख्त करने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है ताकि दोषियों के खिलाफ पुख्ता सबूत अदालत में पेश किए जा सकें।

वैश्विक निवेश मानचित्र पर छत्तीसगढ़ की....

विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का दृढ़ प्रयास है कि नई औद्योगिक नीति, प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, सुदृढ़ अधोसंरचना, कुशल मानव संसाधन तथा उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेश मानचित्र पर छत्तीसगढ़ की मजबूत पहचान बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री साय की सिंग फोरम 2026 में सहभागिता वैश्विक निवेशकों के समक्ष छत्तीसगढ़ की विकास संभावनाओं और निवेश अवसरों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर होगी

राहुल गांधी ने 'सत्याग्रह' प्लेटफॉर्म....

के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले लड़ रहे हैं। उन्होंने लिखा, लेकिन जो आवाज़ अकेली उठती है, वह अक्सर दब जाती है। 'सत्याग्रह' इन्हीं आवाज़ों को एक नक्शे पर साथ लाने की पहल है। राहुल गांधी ने महात्मा गांधी के विचारों का जक्रि करते हुए कहा कि बापू ने सत्याग्रह का रास्ता दिखाया था। उन्होंने कहा कि सच सबसे बड़ा हथियार है, लेकिन सच के साथ एकजुट होकर खड़े होना उससे भी बड़ी ताक़त है। उन्होंने अन्याय के खिलाफ़ संघर्ष कर रहे लोगों से अपनी कहानी साझा करने की अपील की।

0 संसद से सड़क तक साथ देने का भरोसाः राहुल गांधी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनकी ज़म्मिेदारी है कि वे देशभर में चल रहे आंदोलनों की जानकारी को एक जगह लाने की कोशिश करें और ज़रूरत पड़ने पर आंदोलनकारियों के साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि आंदोलन से जुड़ी जानकारी नक्शे पर दिखाई देगी और लोग यह भी देख सकेंगे कि उनके जैसे मुद्दों पर कौन-कौन संघर्ष कर रहा है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि वे संसद में, सड़कों पर, पत्र लिखकर या जहां भी उनकी ज़रूरत होगी, आंदोलनकारियों के साथ खड़े होने की कोशिश करेंगे। उन्होंने इसे नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी ज़म्मिेदारी बताया। 0 महंगाई से लेकर महिला सुरक्षा तक के मुद्देः 'सत्याग्रह' लॉन्च करते हुए जारी वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि देश के हर हिस्से में अलग-अलग मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कहीं छात्र अपनी समस्याओं को लेकर आवाज़ उठा रहे हैं, कहीं महिलाएं अपने अधिकारों और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रही हैं, तो कहीं महंगाई के ख़िलाफ़ प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने किसानों और दूसरे वर्गों के आंदोलनों का भी ज़क्रि किया। राहुल गांधी के अनुसार, देश में लाखों अलग-अलग विरोध प्रदर्शन और संघर्ष चल रहे हैं, लेकिन उनकी जानकारी एक जगह उपलब्ध नहीं है। इसी वजह से उन्होंने इन आंदोलनों को एक मंच पर जोड़ने की ज़रूरत बताई। राहुल गांधी ने कहा कि आंदोलन छोटा हो या बड़ा, लोग वेबसाइट पर उसकी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। अगर उन्हें मदद की ज़रूरत है या वे उनसे समर्थन चाहते हैं, तो वे सहयोग करने की कोशिश करेंगे। 0 महात्मा गांधी के सत्याग्रह के विचार से जुड़ा नामः इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का नाम महात्मा गांधी के सत्याग्रह के विचार से प्रेरित है। इसकी शुरुआत गांधी जयंती के अगले दिन की गई।

एशियन गेम्स : भारत ने लगातार....

आउट हुए, जबकि उस्मान खान सिर्फ 3 रन बना सके। माज सदाकत ने 18 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन वह भी बड़ी पारी नहीं खेल सके। पाकिस्तान ने 39 रन तक अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद हसन नवाज और सईम अयूब ने पाकिस्तान की पारी को संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 87 रन की साझेदारी की। सईम अयूब 29 रन बनाकर शिवम दुबे का शिकार बने। इसके बाद भी हसन नवाज ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और तेजी से अपना अर्धशतक पूरा किया। हसन नवाज ने 51 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और 7 छक्के लगाए, लेकिन उनकी यह पारी पाकिस्तान को लक्ष्य तक नहीं पहुंचा सकी। अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा और पाकिस्तान 192 रन तक ही पहुंच सका। भारत की ओर से अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 20 ओवर में 6 विकेट पर 192 रन तक सीमित रखा और 19 रन से मुकाबला जीतकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। पाकिस्तान को हराने के साथ ही भारत ने एशियन गेम्स में पुरुष क्रिकेट का गोल्ड मेडल लगातार दूसरी बार जीत लिया। फाइनल में हार के बावजूद पाकिस्तान को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह जीत अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी तथा गेंदबाजों के संतुलित प्रदर्शन का नतीजा रही।

गांधी-शास्त्री जयंती : अंबागढ़ चौकी में गूंजा स्वच्छता का संदेश, प्रभातफेरी और श्रमदान से हुआ नमन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम और गरिमामय ढंग से मनाई गई। प्रभातफेरी, श्रमदान, स्वच्छता शपथ और पौधारोपण जैसे विविध आयोजनों के साथ दिनभर सेवा कार्यों की धूम रही। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 6 बजे बस स्टैंड पानी टंकी परिसर से प्रभातफेरी के साथ हुई। नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए रैली हृदय स्थल गांधी चौक पहुंची। जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग अपनाकर ही हम गांधी जी व शास्त्री जी के सपनों का भारत बना सकते हैं।

○ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वार्ड 1 व 4 में रोपे गए फलदार व औषधीय पौधे
○ परिषद की विशेष बैठक में 15 वार्डों के विकास के लिए करोड़ों के प्रस्ताव पर लगी मुहर

'नागरिकों की सोच बदलने से ही स्वच्छ बनेगा नगर'

'स्वच्छता ही सेवा' के संदेश को चरितार्थ करने के लिए नगर के मुख्य मार्गों पर जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने झाड़ू थामकर एक घंटे का सामूहिक श्रमदान किया। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने दो टूक कहा, सफाई कर्मियों या मशीनों की संख्या बढ़ाकर शहर को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। जब तक प्रत्येक नागरिक अपनी दिनचर्या और व्यवहार में स्वच्छता को नहीं उतारेगा, तब तक नगर को पूरी तरह स्वच्छ व सुंदर बनाना संभव नहीं है।

लघु वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण

पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए वार्ड क्रमांक 1 और 4 स्थित लघु वाटिका में पौधरोपण किया गया। अध्यक्ष व पार्षदों ने आंवला, नीम, जामुन और आम जैसे फलदार व औषधीय पौधे रोपे और उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ली।

विकास कार्यों के लिए शासन को भेजा जाएगा करोड़ों का प्रस्ताव

जयंती के अवसर पर नगर पंचायत परिषद की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के कड़े क्रियान्वयन सहित नगर के सभी 15 वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास के लिए शासन को करोड़ों रुपये के विकास प्रस्ताव भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आयोजन में पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, उषा यादव, कुंजलता हरमुख, समाजसेवी मोंटी खंडेलवाल, गौसेवक व पर्यावरणविद रामदयाल साहू, उपयंत्री योगेश्वर ठाकुर, अकाउंटेंट तिलक यादव, पीआईयू रविन्द्र साहू, सफाई दरोगा लोकेश सलामे, सफाई प्रभारी रामसाय पटेल सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदियां, स्वच्छता मित्र, निकाय कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट परिसर में चला स्वच्छता अभियान : अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

खैरागढ़ (दावा)। 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट परिसर) खैरागढ़ में वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। बापू के स्वच्छता और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर श्रमदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विधिवत पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने महात्मा गांधी के स्वच्छता, सादगी और जनसहभागिता के विचारों को याद करते हुए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या और आचरण का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, जनसहभागिता से दिया स्वच्छता का संदेश

परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा किया एकत्र

अभियान के दौरान सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टोरेट परिसर के विभिन्न हिस्सों में साफ-सफाई की। परिसर में बिखरे सूखे पत्तों और प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर निर्धारित कचरा निष्पादन स्थल पर पहुंचाया गया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग का दायित्व नहीं है, बल्कि यह सामूहिक जनभागीदारी का विषय है। घर और कार्यालय के साथ सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। श्रमदान व स्वच्छता अभियान में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति दिनेश साहू, पूर्व सभापति घम्मन साहू, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, पीसीसी सदस्य नीलांबर वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, पूरन सारथी, किशन रजक, अनुभा चंद्राकर, गीता यादव, पूजा, रतन सिंघी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

वनांचल ग्राम खोलारघाट में स्वास्थ्य शिविर, 85 मरीजों का हुआ उपचार

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ ब्लॉक के वनांचल ग्राम खोलारघाट स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर का आयोजन सीएचओ वैशाली भुआर्य के नेतृत्व में किया गया। शिविर में कुल 85 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें 13 महिलाएं, 19 बच्चे, 2 गर्भवती महिलाएं तथा 51 अन्य मरीज शामिल रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया। इसके बाद मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं बीपी, शुगर सहित अन्य नियमित रूप से उपयोग की जाने वाली दवाइयों को चिन्हांकित कर उपलब्ध कराया गया।

शिविर के दौरान किशोरी युवतियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड के नियमित एवं उचित उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी बताया गया। सीएचओ वैशाली भुआर्य ने कहा कि वनांचल क्षेत्रों में भी सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में भी अब अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। शिविर में बीईटीओ डीके मनकर, प्रधान पाठक टेकराम स्वेता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता गंधर्व, गायत्री बाई वर्मा, मितानिन बिंदा मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ठेका पद्धति एवं नवीन स्थानांतरण नीति के विरोध में एकजुट हुए वन कर्मचारी, डोंगरगांव में हुई प्रांतीय बैठक

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ जिला राजनांदगांव के तत्वावधान में शुक्रवार को डोंगरगांव वन मंडल परिसर में वन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग में लगातार बढ़ रही ठेका पद्धति और हाल ही में लागू की गई नवीन स्थानांतरण नीति सहित मैदानी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं और विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। प्रांतीय आह्वान पर आयोजित इस बैठक में प्रदेश, संभाग व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित मैदानी वन कर्मचारियों की भारी मौजूदगी रही।

ठेका प्रथा और ट्रांसफर पॉलिसी से मैदानी अमला आहत

बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारियों ने कहा कि वन विभाग के मूल कार्यों में ठेका पद्धति को बढ़ावा दिए जाने से विभागीय दक्षता और नियमित कर्मचारियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं नवीन स्थानांतरण नीति के कारण कर्मचारियों के समक्ष गंभीर व्यावहारिक व पारिवारिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। कर्मचारियों ने एक सुर में कहा कि वनों की सुरक्षा और मैदानी परिस्थितियों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए शासन को कर्मचारी हितैषी नीतियां बनानी चाहिए।

शासन के समक्ष मजबूती से रखेंगे मांगें : संघ

संघ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज मांग और समस्याओं को उचित माध्यम से शासन और वन मुख्यालय के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। ठेका पद्धति पर रोक लगाने तथा स्थानांतरण नीति में आवश्यक संशोधन कराने हेतु शासन स्तर पर तथ्यात्मक पत्राचार कर दबाव बनाया जाएगा, ताकि किसी भी कर्मचारी का अहित न हो। बैठक में छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष मुक्तेश्वर वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नमिता केराम, महामंत्री आजाद राय व विनोद मिश्रा, रायपुर संभाग अध्यक्ष मनीष कुशवाहा, जिला अध्यक्ष सावन साहू, जिला सचिव वसीम खान तथा संभागीय सचिव निर्मला बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला व मैदानी स्तर से टूमन साहू, अजय पड़ोती, अभिषेक देवांगन, परशराम चंद्राकर, कमल साहू, देवेंद्र सलामे, शांतु राम मंडावी, योगेश कोर्राम, अविनाश साहू, अमरलाल सुधाकर, नेमचंद्र ठाकुर, नवीन तिवारी, हरेंद्र ठाकुर, कमलेश जांगड़े, भावदास साहू, राजेश महिलांगे, तोरण लाल ठाकुर एवं नेमचांद मेरिया सहित बड़ी संख्या में वन कर्मचारी शामिल हुए।

40वें जन्मदिन पर 40वीं बार रक्तदान कर कुमार साहू ने पेश की मिसाल, शिविर में 35 यूनिट रक्त संग्रहित

छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत पांडेटोला में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। परिक्षेत्र साहू संघ भोलापुर के अध्यक्ष एवं साहू एग्रीकल्चर एंड हार्वेस्टर के संचालक कुमार साहू ने अपने 40वें जन्मदिन के अवसर पर 40वीं बार रक्तदान कर समाज में जनसेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने जन्मदिन को दिखावे और उत्सव तक सीमित न रखकर मित्रों व समाजजनों के साथ रक्तदान-महादान कर जरूरतमंदों के जीवन रक्षा के संकल्प के रूप में मनाया। शिविर में कुल 35 यूनिट रक्तदान हुआ। सड़क सुरक्षा और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आयोजकों द्वारा हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने कुमार साहू के इस सेवाभावी कार्य की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

छुईखदान में छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम घोषित

छुईखदान (दावा)। कुर्मी समाज में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने एवं विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा 2026 का आयोजन 9 अगस्त 2026 को किया गया।

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) में उक्त परीक्षा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, छुईखदान को परीक्षा केंद्र बनाकर किया गया। परीक्षा के लिए जिले से कुल 43 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

परीक्षा का परिणाम 29 सितंबर 2026 को घोषित किया गया। जिला स्तर पर घोषित परिणाम में श्रीमती उषा चंद्राकर ने प्रथम स्थान, श्री रविचंद्राकर ने द्वितीय स्थान तथा श्री लोकेश चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष बात यह रही कि जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले तीनों परीक्षार्थी कुर्मी पारा, छुईखदान के निवासी हैं।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीनों प्रतिभागियों को कुर्मी समाज के सामाजिकजनों एवं पदाधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर रामकुमार चंद्राकर, जिला अध्यक्ष केसीजी तथा रामकुमार चंद्राकर, नगर अध्यक्ष छुईखदान ने भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रतिभा खोज कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समाज के विद्यार्थियों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

आंगन मिलन सेवा चौपाल में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी, जंतर में हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जंतर के आंगनबाड़ी केंद्र जंतर-1 एवं जंतर-2 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती उपस्थित रही। इस अवसर पर सरपंच रूपा चन्दवंशी, उपसरपंच दशोदा साहू, परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू, महिला पंच सविता पटेल एवं ओमिन पटेल, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

मिली जानकारी के अनुसार चौपाल के दौरान राज्य एवं केंद्र शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को दी गई। महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से प्राप्त राशि का बेहतर उपयोग करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। वहीं महिलाओं को परिवार के पोषण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य तथा उपलब्ध शासकीय सेवाओं का लाभ लेने तथा साथ ही हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा अभियान के तहत ग्रामीणों को अपने घर एवं आसपास मुनगा के पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से मुनगा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। पौष्टिक थाली एवं रंगोली के माध्यम से संतुलित आहार और पोषण का महत्व बताया गया। अतिथियों के हाथों से कराये गए न्योता भोज में बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

लाल बहादुर नगर में नगर पंचायत कार्यालय भवन एवं तहसील साहू भवन की स्वीकृति

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के नवीन कार्यालय भवन (52.72 लाख रुपए) एवं तहसील साहू समाज लाल बहादुर नगर के भवन निर्माण (19.67 लाख रुपए) की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू एवं तहसील साहू समाज अध्यक्ष गिरवर साहु, जिलाध्यक्ष नोबल साहु एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहु की ओर से छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री आदरणीय अरुण साव के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया है।

लाल बहादुर नगर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु ने कहा कि नगर पंचायत के नवीन कार्यालय भवन की स्वीकृति से नगर पंचायत के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के साथ-साथ आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।वहीं गिरवर साहु ने तहसील साहू समाज के भवन की स्वीकृति से समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों के लिए एक स्थायी एवं सुविधाजनक भवन उपलब्ध होगा। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के उपाध्यक्ष, सभी पार्षदगण और नगरवासी एवं तहसील साहू समाज लाल बहादुर नगर ने उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम व उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयाकर करने के कार्यक्रम अंतर्गत प्रथम चरण में सोमवार 5 अक्टूबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति, प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति, निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं भारत निर्वाचन आयोग की 1 अक्टूबर की स्थिति में तैयार विधानसभा की अद्यतन निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त की जाएगी। मंगलवार 6 अक्टूबर तक विधानसभा की निर्वाचक नामावली वार्डवार पृथक कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार 9 अक्टूबर तक प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को वार्डवार एवं भागवार मार्किंग की जाएगी।

सोमवार 12 अक्टूबर तक वार्डवार एवं भागवार चिन्हित निर्चाचकों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में शिफ्ट किया जाएगा। मंगलवार 13 अक्टूबर तक निर्वाचक नामावली की चेकलिस्ट (पीडीएफ) तैयार किया जाएगा। बुधवार 14 अक्टूबर तक चेकलिस्ट (पीडीएफ) की जांच की जाएगी व त्रुटि सुधार की जाएगी। शुक्रवार 16 अक्टूबर तक चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली मुद्रण जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रदाय किया जाएगा। बुधवार 21 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचक नामावली का मुद्रण किया जाएगा एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।

निर्वाचक नामावली तैयाकर करने के कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा व आपत्तियां शुक्रवार 23 अक्टूबर से प्राप्त की जाएगी। दावा व आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय शुक्रवार 30 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक है। दावा व आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तिथि मंगलवार 3 नवम्बर तक है। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बुधवार 11 नवम्बर तक है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 13 नवम्बर तक है। दावा व आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में 19 नवम्बर तक की जाएगी। सोमवार 23 नवम्बर तक चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी एवं पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। शुक्रवार 27 नवम्बर तक अनुपूरक सूची का मुद्रण और अनुपूरक सूची का मूल सूची के साथ संलग्र की जाएगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन सोमवार 30 नवम्बर को किया जाएगा।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में माहभर चला 'हिंदी माह' का उल्लास, विविध प्रतियोगिताओं में झलकी प्रतिभा

खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में राजभाषा हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार, संवर्धन एवं दैनिक कार्यालयीन कामकाज में इसके अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 सितंबर से 30 सितंबर तक हिंदी माह का गरिमामय एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। माह भर चले इस विशेष अभियान के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए विविध बौद्धिक प्रतियोगिताओं, राजभाषा कार्यशालाओं, पुस्तक प्रदर्शनी एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 1 सितंबर को विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य अंजय कुमार की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान माह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को राजभाषा अधिनियमों के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई।

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई मेधा

पूरे महीने चले आयोजनों में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। श्रुतलेखन (प्राथमिक वर्ग) में कनिष्ठ वर्ग में निवेदिता बंजारे प्रथम, आलोक राव द्वितीय व यदिति वर्मा तृतीय रहीं। वहीं वरिष्ठ वर्ग में आशुतोष पांडेय ने प्रथम, लक्ष्य देवांगन ने द्वितीय एवं धारवी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन (कक्षा 6) में मोक्ष वैष्णव प्रथम, डेनिशा जंघेल द्वितीय एवं आरोही तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध लेखन (कक्षा 11 व 12) में धैर्या चंदेल ने प्रथम, हिमांशी मोहबेकर ने द्वितीय तथा प्राची साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। लघु कथा लेखन में लवली विश्वकर्मा, आशिया खान एवं प्राची वर्मा ने क्रमशः शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा जमाया।

शिक्षकों के लिए नवाचार : एआई टूल्स और राजभाषा कार्यशाला

14 सितंबर हिंदी दिवस पर आयोजित विशेष सभा में दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग और व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधान पर सार्थक चर्चा हुई। 15 सितंबर को शिक्षक वर्ग के लिए आयोजित काव्य पाठ प्रतियोगिता में अंबरीश शुक्ल प्रथम, विनोद कुमार परते द्वितीय व श्रीमती सिमरन तृतीय रहीं। 18 सितंबर को हिंदी शिक्षक डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय द्वारा राजभाषा के संवैधानिक प्रावधानों पर सारगर्भित कार्यशाला ली गई। 24 सितंबर को पुस्तकालय में पुस्तकालयाध्यक्ष विवेकानंद सरकार के संयोजन में आकर्षक राजभाषा एवं पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें हिंदी साहित्य के कालजयी ग्रंथों का प्रदर्शन हुआ। आधुनिक तकनीक से भाषा को जोड़ते हुए 28 सितंबर को कंप्यूटर शिक्षिका श्रीमती दिव्या शर्मा ने शिक्षकों के लिए अनुवाद में ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स का उपयोग विषय पर व्यावहारिक कार्यशाला संचालित की। इसके अलावा 29 सितंबर को आयोजित ऑनलाइन राजभाषा क्विज में श्रीमती मोलिना घोष प्रथम, श्रीमती ट्विंकल द्वितीय व तुषार नागदिवे तृतीय रहे।

सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ समापन

30 सितंबर को प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य अंजय कुमार की अध्यक्षता में हिंदी माह का औपचारिक समापन हुआ। प्राचार्य ने सभी से दैनिक बोलचाल और प्रशासनिक कार्य में हिंदी को गौरव के साथ अपनाने का आह्वान किया। समापन अवसर पर कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा वीणा धुर्वे ने अपने विचार रखे। आयोजन को सफल बनाने में मुख्याध्यापिका श्रीमती ज्योति रंगारी, राजभाषा विभाग से डॉ. योगेंद्र पांडेय, घनश्याम गिरिया, सुश्री गीतांजलि, सुदीप आर्य, माध्यमिक सीएलए से सौरभ कुमार, रोशन कुमार, प्राथमिक सीएलए से श्रीमती पी. पद्मावती राव, श्रीमती सिमरन, पुस्तकालयाध्यक्ष विवेकानंद सरकार तथा कला शिक्षक प्रशांत घोंगड़े सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com